संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 20 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 136 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से नवनिर्वाचित मेयर भेंट करती हुई।

# 2000 के नोट सकुर्लेशन से बाहर होंगे

## आरबीआई वापस लेगा, 30 सितंबर तक बैंकों में बदल सकेंगे; एक बार में 10 नोट ही चेंज होंगे, तत्काल प्रभाव से फैसला लागू

### फिर नोटबंदी?

● 2016 में बंद किए गए 500 और 1000 के नोट की कमी को पूरा करने के लिए 2000 के नोट छापे गए थे: आरबीआई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिजर्व बैंक** 2000 का नोट सकुर्लेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। 2 हजार का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए थे। इसकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया गया था। आरबीआई साल 2018-19 से 2000 के नोटों की छपाई बंद कर चुका है। आरबीआई ने बैंकों को 23 मई से 30 सितंबर तक 2000 के नोट लेकर बदलने के निर्देश दिए हैं। एक बार में अधिकतम बीस हजार रुपए कीमत के नोट ही बदले जाएंगे। अब से ही बैंक 2000 के नोट इश्यू नहीं करेंगे।





**सवाल-जवाब में समझिए आरबीआई के इस आदेश के मायने...**

**आरबीआई ने कहा क्या है?**
रिजर्व बैंक 2000 का नोट सकुर्लेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। आरबीआई ने कहा कि इसका ऑब्जेक्टिव पूरा होने के बाद 2018-19 में इसकी प्रिंटिंग बंद कर दी गई थी।

### बाजार में 2000 के नोट से खरीदारी में क्या असर दिख सकता है?

**सरकार** ने इसे अभी चलन में भले ही बनाकर रखा है, लेकिन व्यापारी इससे लेनदेन करने में कतरा सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि इन्हें बैंक से ही बदल लें।
**RBI ने नोट बदलने के लिए 30 सितंबर तक का वक्त दिया है। इसके बाद क्या होगा?:** तारीख बढ़ाई भी जा सकती है, लेकिन आखिरी तारीख का इंतजार न करें। अगर सरकार ने इसे अमान्य किया तो आपके पास रखे 2000 के नोटों की कोई कीमत नहीं रहेगी।
**किन लोगों के लिए लागू हो रहा है? :** यह फैसला सभी के लिए लागू है। हर व्यक्ति जिसके पास 2000 के नोट हैं, उसे 23 सितंबर से 30 सितंबर तक बैंक में इसे डिपॉजिट या एक्सचेंज करना होगा। एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपए कीमत के नोट यानी 10 नोट ही बदले जाएंगे।

**फैसला कब से लागू हो रहा है?**
**आरबीआई** ने अपने सर्कुलर में लिखा है कि वो 2000 के नोट को सकुर्लेशन से बाहर कर रहा है। इसकी कोई तारीख या समय नहीं दिया है। यानी ये फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बैंक में जाकर इन नोटों को बदला जा सकता है। इसके लिए 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया गया है। नोट बदलने में कोई परेशानी न हो इसलिए बैंकों को भी इसके बारे में जानकारी दी गई है।

### यह फैसला किसने किया है और क्यों किया है?

**'क्लीन** नोट पॉलिसी' के तहत रिजर्व बैंक ने यह फैसला किया है। 'क्लीन नोट पॉलिसी में लोगों से गुजारिश कि गई है कि वह करेंसी नोट्स पर कुछ भी न लिखें, क्योंकि ऐसा करने से उनका रंग-रूप बिगड़ जाता है और लाइफ भी कम हो जाती है। लोगों को लेन-देन में अच्छी क्वालिटी के बैंक नोट (पेपर करेंसी) मिलें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्लीन नोट पॉलिसी लागू की गई है।
**इससे आम लोगों पर क्या असर होगा?**
जिसके भी पास 2 हजार का नोट है उसे बैंक में जाकर बदलना होगा। 2016 में नोटबंदी में 500 और 1000 को नोट को बंद कर दिया गया था। इसे बदलने के लिए टाइम भी दिया गया था, लेकिन लंबी लाइनों के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। इस बार भी ऐसा देखने को मिल सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट को मिले 2 जज-अब 34 की फुल स्ट्रेंथ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शुक्रवार** को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने 2 नए जजों को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ दिलाई। इनमें आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और एडवोकेट केवी विश्वनाथन शामिल थे। इसके साथ ही एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में 34 जजों का कोरम पूरा हो गया है। अगस्त 2030 में केवी विश्वनाथन ही चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बनेंगे। विश्वनाथन 24 मई 2031 तक, यानी 9 महीने से ज्यादा देश की टॉप कोर्ट का नेतृत्व करेंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 16 मई को सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट केवी विश्वनाथन और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने के लिए केंद्र से सिफारिश की थी।

## तीन चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में दो माह के अंदर 3 अफ्रीकी चीतों की मौतों पर चिंता जताई है। कोर्ट ने चीतों की सुरक्षा को देखते हुए केंद्र को राजनीति से ऊपर उठते हुए इन्हें राजस्थान शिफ्ट करने पर विचार करने को कहा है।
अदालत ने वन्यजीव विशेषज्ञ समिति को 15 दिन के अंदर चीता टास्क फोर्स को सुझाव देने के निर्देश भी दिए हैं।
जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि एक्सपर्ट रिपोर्ट से लगता है कि चीतों की बड़ी आबादी के लिए कूनो में पर्याप्त स्थान और संसाधन नहीं हैं, इसलिए केंद्र सरकार को दूसरे पार्क या सेंचुरी में चीतों की शिफ्टिंग पर विचार करना चाहिए।

## एनएचएआई की उपलब्धि: 100 घंटे में बिछाया 100 किमी का एक्सप्रेस-वे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 100 घंटे के भीतर 100 किलोमीटर का नया एक्सप्रेस-वे बिछाकर एक और उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने निमार्णाधीन नए एक्सप्रेसवे की तस्वीरें साझा करते हुए आज यह घोषणा की। उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद-अलीगढ़ एक्सप्रेस-वे ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 100 घंटे के अभूतपूर्व समय में 100 लेन किलोमीटर की दूरी पर बिटुमिनस कंक्रीट बिछाया है। केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने क्यूब हाईवेज, एल एंड टी, और गाजियाबाद अलीगढ़ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड (जीएईपीएल) की टीमों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## 'सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाले मामले में उनकी तामील नहीं हो रही'



**टीम एक्शन इंडिया शिमला(जय राम शर्मा)**
सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाले मामले में उनकी तामील नहीं हो रही है। कोर्ट ने चार सीपीएस पर दोबारा नोटिस की तामील करने के लिए आदेश जारी किए है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश विरेंदर सिंह की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 19 जून को निर्धारित की है।
सीपीएस की नियुक्तियों को तीन याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई है। मंडी निवासी कल्पना देवी ने भी सीपीएस की नियुक्तियों को लेकर याचिका दायर की गई है। भाजपा नेता सतपाल सत्ती ने उप-मुख्यमंत्री समेत सीपीएस को चुनौती दी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 बैठक को लेकर जापान के दौरे पर पहुंचे। प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए अधिकारी।

## ममता सरकार को 'सुप्रीम' झटका



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा की जांच एनआईए से कराने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई करने का आदेश दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हिंसा की छिटपुट घटनाओं की एनआईए से जांच की जरूरत नहीं है। हाई कोर्ट में याचिका राजनीतिक दल के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दायर की है।

## अडाणी केस: सुप्रीम कोर्ट कमेटी की रिपोर्ट पेश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अडाणी-हिंडनबर्ग** केस की जांच के लिए बने सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट शुक्रवार को सार्वजनिक कर दी गई। पैनल ने कहा कि अडाणी के शेयरों की कीमत में कथित हेरफेर के पीछे सेबी की नाकामी थी, अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। कमेटी ने ये भी कहा कि ग्रुप की कंपनियों में विदेशी फंडिंग पर सेबी की जांच बेनतीजा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में 6 मेंबर की एक्सपर्ट कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 6 मई को सौंप दी थी। कमेटी ने रिपोर्ट में कहा- सेबी को संदेह है कि अडाणी ग्रुप में निवेश करने वाले 13 विदेशी फंडों के प्रमोटर्स के साथ संबंध हो सकते हैं।
अडाणी ग्रुप के शेयरों में वॉश ट्रेड का कोई भी पैटर्न नहीं मिला है। वॉश ट्रेड यानी वॉल्यूम बढ़ाने के लिए खुद ही शेयर खरीदना और बेचना। कुछ संस्थाओं ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के पब्लिश होने से पहले शॉर्ट पोजीशन ली थी। जब शेयर के भाव गिरे तो इसे खरीदकर मुनाफा कमाया।

### कथित हेरफेर नहीं हुआ

● अडाणी के शेयरों की कीमत में कथित हेरफेर के पीछे सेबी की नाकामी थी, अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता

## किरेन रिजिजू ने अर्थ-साइंस मंत्रालय जॉइन किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व लॉ** मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को अर्थ-सांइस मंत्रालय जॉइन कर लिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- मुझे किसी गलती की वजह से लॉ मिनिस्ट्री नहीं छोड़नी पड़ी। आरोप लगाना विपक्ष के लोगों का काम है। मंत्रालय बदलना सरकार की प्रोसेस का हिस्सा है। फेरबदल होते रहते हैं। केंद्र ने गुरुवार को लॉ मिनिस्ट्री में बड़ी सर्जरी की। किरेन रिजिजू से यह मंत्रालय वापस ले लिया गया। रिजिजू की जगह अर्जुन राम मेघवाल लॉ मिनिस्टर बनाया गया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। रिजिजू कॉलेजियम पर टिप्पणियों को लेकर काफी चचाओं में रहे हैं। मेघवाल के पास संसदीय मामलों के राज्य मंत्री का जिम्मा भी है। बीकानेर से सांसद मेघवाल मोदी के दूसरे टर्म में कानून मंत्रालय संभालने वाले तीसरे मंत्री होंगे। रिजिजू को अर्थ साइंस मंत्रालय और कानून राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल को राज्यमंत्री के रूप में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय दिया गया है। रिजिजू का मंत्रालय बदलने पर कांग्रेस की अलका लांबा ने कहा- जजों की नियुक्तियों और अदालतों पर रिजिजू की टिप्पणियों से मोदी सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई थीं।

## इंडियन नेवी की वागीर सबमरीन की समुद्र में टेस्टिंग

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**इंडियन** नेवी की वागीर सबमरीन ने 18 मई को समुद्र में टेस्ट शुरू कर दिया। ये सबमरीन एंटी शिप मिसाइल और टारपीडो से लैस है। इसकी खासियत है कि यह दुश्मन के रडार में पकड़ में नहीं आती। समुद्र में कई राउंड की टेस्टिंग के बाद अगले साल यह भारतीय नेवी के लड़ाकू बेड़े में शामिल हो जाएगी। पिछले साल लॉन्चिंग के वक्त इंडियन नेवी के



जवान वहां मौजूद थे। यह प्रोजेक्ट 75 के तहत बनने वाली छठी पनडुब्बी है। पिछले साल लॉन्चिंग के वक्त इंडियन नेवी के जवान वहां मौजूद थे। यह प्रोजेक्ट 75 के तहत बनने वाली छठी पनडुब्बी है।
वागीर सबमरीन को 20 अप्रैल 2022 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के कान्होजी आंग्रे वेट बेसिन से लॉन्च किया गया था। यह प्रोजेक्ट 75 के तहत बनने वाली छठी पनडुब्बी है। पहली सबमरीन को दिसंबर 1974 में इंडियन नेवी में कमीशन किया गया था और अप्रैल 1997 में उसे रिटायर कर दिया गया।

## गृह मंत्रालय का दूसरा चिंतन शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का दूसरा चिंतन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मकसद प्रधानमंत्री के विजन 2047 को हकीकत बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करना है। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पहला चिंतन शिविर 18 अप्रैल को आयोजित किया गया था, जिसमें सुरक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के लिए एक तंत्र निर्माण किए जाने पर जोर दिया गया था।

## ज्ञानवापी: कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**वाराणसी की** ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे और कॉर्बन डेटिंग के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है।
इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा- इस मामले में संभलकर चलने की जरूरत है। हाईकोर्ट के आदेश की बारीकी से जांच करनी होगी।
हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की तरफ से वकील हुजेफा अहमदी ने यह याचिका दायर



की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने इसकी सुनवाई की। हिंदू पक्ष सुप्रीम कोर्ट में पहले ही कैविएट दाखिल कर चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई को ज्ञानवापी के वुजूखाने में मिले कथित शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि यह कैसे होगा? इस पर वाराणसी कोर्ट निर्णय लेगा। उन्हीं की निगरानी में यह काम किया जाएगा।

### कार्रवाई पर रोक....

● हाईकोर्ट के आदेश की बारीकी से जांच करनी होगी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी


**7 अगस्त को होगी अगली सुनवाई:** हिंदू पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट कोई आदेश दे, तो उससे पहले एएसआई सर्वे की रिपोर्ट को मंगाकर एक बार उस पर विचार किया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम एएसआई की रिपोर्ट को भी देखेंगे। सीजेआई ने कहा कि पहले हम परिस्थिति को देखेंगे। हमें इस मामले को बेहद सावधानी से डील करना होगा। मस्जिद समिति के वकील हुजैफा अहमदी ने जज की तारीफ की और कहा कि वह स्थिति को वाकई समझ रहे हैं।

### चैट से खुलासा

- प्लीज मेरे बेटे को घर भेज दो। एक पिता होने के नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं, वो टूट जाएगा: शाहरूख खान

## शाहरुख खान ने वानखेड़े से कहा था...आर्यन को जेल में मत डालना

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**आर्यन** ड्रग्स केस में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व जोनल चीफ समीर वानखेड़े ने शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में शाहरुख खान से हुई चैट पेश कीं। इसमें शाहरुख वानखेड़े से कह रहे हैं कि उनके बेटे को जेल में ना डाला जाए। समीर वानखेड़े ने अपने खिलाफ सीबीआई एक्शन को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई है।
वानखेड़े ने 2 अक्टूबर 2021 को मुंबई से गोवा जा रहे कॉर्डेलिया क्रूज में रेव पार्टी की सूचना मिलने के बाद छापेमारी की थी। यहां से आर्यन खान की गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद आर्यन 27 दिन तक आर्थर रोड जेल में थे। आर्यन के खिलाफ पुख्ता सबूत न मिलने की वजह से कोर्ट ने उन्हें 28 अक्टूबर को बेल दी गई और 30 को वो जेल से बाहर आए थे। समीर ने याचिका में दावा किया- मेरे खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। मुझ पर पहले भी करप्शन के आरोप लगे थे। तब भी सबूत नहीं मिला था। सीबीआई को भी सबूत नहीं मिलेगा। सीबीआई का आरोप है कि समीर ने आर्यन को छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपए मांगे। कोर्ट ने शुक्रवार की सुनवाई के बाद समीर वानखेड़े को सोमवार, 22 मई तक राहत दी है। कोर्ट इस



दिन अगली सुनवाई करेगी। इधर, सीबीआई ने शनिवार सुबह 11 बजे एक बार फिर वानखेड़े को पूछताछ के लिए बुलाया है।
**समीर वानखेड़े का दावा- शाहरुख खान ने 3 अक्टूबर 2021 को किया था पहला मैसेज... पूरी बातचीत**
**शाहरुख**- समीर साहब, क्या मैं आपसे कुछ मिनटों के लिए बात कर सकता हूं। मैं जानता हूं कि ये कानूनी तौर पर सही नहीं है, लेकिन एक पिता के रूप में मैं आपसे बात करना चाहता हूं। आपने जो जानकारी मुझे दी, उसके लिए मैं आपको जितना शुक्रिया कहूं उतना कम है। मैं आशा करता हूं कि वो (आर्यन) एक ऐसा व्यक्ति बने, जिस पर आपको और मुझे हम दोनों को फख्र हो।
**समीर**- एक पिता होने के नाते आपसी स्थिति समझता हूं। आप चिंता मत करिए, सब कुछ अच्छा होगा।
**शाहरुख**- प्लीज मेरे बेटे को घर भेज दो। एक पिता होने के नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं।
**समीर**- डियर शाहरुख, काश मैं आपको दोस्त बनकर इस सिचुएशन के बारे में समझा पाता, ना कि एक जोनल डायरेक्टर के रूप में।
**शाहरुख**- प्लीज मेरे बेटे को घर भेज दो। एक पिता होने के नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं। ये एक पिता से पिता की रिक्वेस्ट है। मैं अपने बच्चों से उतना ही प्यार करता हूं, जितना आप अपने बच्चों से करते हैं। समीर, प्लीज मेरा विश्वास मत तोड़ना। वरना मेरा आपसे और सिस्टम से विश्वास उठ जाएगा।
**शाहरुख**- प्लीज मेरे से एक बार बात कर लो। मैं आपसे एक पिता होने के नाते बात करूंगा। कानून के दायरे में होते हुए आप मेरी मदद कर सकते हैं। मैं हमेशा आपका ऋणी रहूंगा।

## गृह राज्य मंत्री हत्या के आरोप से बरी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**लखीमपुर** खीरी में 23 साल पुराने प्रभात गुप्ता हत्याकांड में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी समेत चारों आरोपी बरी हो गए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया है। 2004 में यह मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ में पहुंचा था। तब से अब तक यानी 19 साल में लखनऊ बेंच ने हत्याकांड में 3 बार फैसला सुरक्षित रखा गया था। 8 जुलाई, 2000 को लखीमपुर के तिकुनिया में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता प्रभात गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में जिन 4 लोगों को नामजद किया गया था। इसमें सुभाष मामा, शशि भूषण उर्फ पिंकी, राकेश उर्फ डालू और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री शामिल थे। प्रभात गुप्ता के दिवंगत पिता संतोष गुप्ता की तरफ से दर्ज कराई गई ऋफमें आरोप लगाया गया था कि उनके बेटे प्रभात गुप्ता को दिनदहाड़े टेनी ने गोली मारी थी। फैसले से पहले प्रभात गुप्ता के भाई राजीव गुप्ता ने कहा था कि 8 जुलाई, 2000 का दिन मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। उस दिन भैया घर से दुकान जा रहे थे, तभी अजय मिश्र टेनी अपने साथी शशि भूषण, राकेश डालू और सुभाष मामा के साथ मौके पर पहुंचा। उसने मेरे भाई को रोका। कुछ अनबन हुई, उसके बाद गोली चली।

# 'समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करें अधिकारी'

## इसलिए रात के समय जब वाहनों का आवागमन कम हो जाएगा तो कर्मचारियों की एक टीम लगाकर समस्या का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा

**क्षेत्रवासियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया कि रेलवे रोड पर कई दिनों से सीवरेज की लाइन ब्लॉक है**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने रेलवे रोड पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि रेलवे रोड पर सीवरेज लाइन ब्लॉक है, जिसकी वजह से सीवरेज ओवरफ्लो हो जाते है। मौके पर ही नगर निगम से अधिकारियों की टीम को बुलाकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।
क्षेत्रवासियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया कि रेलवे रोड पर कई दिनों से सीवरेज की लाइन ब्लॉक है, जिसका स्थान समाधान नहीं हो रहा। स्थाई समाधान के आभाव में आयेदिन सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर पहुंचकर समस्या के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली, उन्होंने बताया कि मुख्य लाइन की ब्रांच लाइन का कुछ हिस्सा ब्लॉक है, जिसकी वजह से सीवरेज जाम की समस्या उत्पन्न हुई है, लेकिन सुपर सकर मशीन लगाकर समस्या का निदान किया जा रहा है। दिन के समय वाहनों का आवागमन ज्यादा होने की वजह से ज्यादा कार्य नहीं कर पा रहे, इसलिए रात के समय जब वाहनों का आवागमन कम हो जाएगा तो कर्मचारियों की एक टीम लगाकर समस्या का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में कहीं भी सीवरेज जाम की समस्या गहरानी नहीं चाहिए, समस्या का पता चलते ही उसका तुरंत निदान करे, ताकि शहरवासियों को परेशानी नहीं झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि बारिश से पहले शहर के अधिकांश स्थान जहां पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है उनका समाधान करवाया जाए। ड्रेन नम्बर-6 के कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रयासरत्त है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गन्नौर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के साथ मुलाकात का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसके बाद गन्नौर हल्के में भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है। कोई इसको कर्नाटक चुनाव की हार से जोड़कर देख रहा है तो कोई इसे सामान्य मुलाकात बता रहा है। आपको बता दे कि दो दिन पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नगरपालिका के उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा व भाजपा के कार्यकर्ता एवं नगरपालिका के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश जैन के साथ कई कार्यकर्ताओं ने उदय भान के साथ मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात की फोटो वायरल होने के बाद शहर में तरह-तरह की अटकलें जन्म ले रही है ।

कोई इसको कर्नाटक की हार को जोड़कर देखकर रहे हैं तो कोई कयास लगा रहा है कि अब गन्नौर में भी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ जुड़ने के लिए बेताब है तो कोई इस मुलाकात को महज इत्तफाक बता रहा है।

# राव जयसिंह बने कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल वरिष्ठ** कांग्रेसी नेता राव जयसिंह को कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही उन्हें प्रकोष्ठ का जिला महेंद्रगढ़, भिवानी एवं हिसार का प्रभारी भी बनाया गया है। इस नियुक्ति का पत्र शुक्रवार को उन्हें पूर्व मंत्री कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कप्तान अजय सिंह यादव ने प्रदान किया। यह पदभार मिलने पर शुक्रवार दोपहर को राव जयसिंह नारनौल के नरूला रिजोर्ट पहुंचे, जहां प्रकोष्ठ के जिला के पदाधिकारियों ने उनका विधिवत स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ राजस्थान कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनिल बौहरा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।
इस मौके पर नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राव जयसिंह ने कहा कि वह अपनी नियुक्ति के लिए यूपीए के अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कप्तान अजय सिंह यादव का आभार व्यक्त करते हैं।

# प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गृह विज्ञान में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में रानी ने प्रथम, अविका ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान स्नेह लता व चौथा स्थान प्रगति ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में रूबी ने प्रथम, रूपांजलि ने द्वितीय, दिव्या ने तीसरा तथा हिमांशी ने चौथा स्थान हासिल किया। स्लोगन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो.नीरज, विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी तथा प्राणि शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने निभाई। वहीं मिलेट व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या, दूसरा स्थान समीक्षा, तीसरा स्थान रविता तथा अमनप्रीत ने चौथा स्थान प्राप्त किया। मिलेट क्विज में टीम सी विजेता रही जिसमें विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राएं खुशबू पल्लवी तथा मनीषा शामिल थी।

# गाँव कंवाली में सेना के लिए हुआ 178 यूनिट रक्तदान

## सभी अतिथियों ने शिविर में पहुच कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत पं.** जयकिशन सेवा समिति कंवाली, माँ भारती रक्तवाहिनी व सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया के सहयोग से गाँव कंवाली में भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमे कंवाली व आस पास के गाँवो से 178 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। यह आयोजन पूव सरपंच स्व. पं. जयकिशन की दूसरी पुण्यतिथि पर गाँव के सरकारी स्कूल में लगाया गया। मंच संचालन दीपक कौशिक जांटी ने किया। शिविर में अतिथि के रूप में पहुँचे राजीव जैन, जिला होमगार्ड कमांडेंट सुरेंद्र हुड्डा, बी डी ओ दीपिका भारद्वाज, पूर्व होमगार्ड कमांडेंट हरिराम सरोहा , सुरेंद्र शर्मा, हर्ष छिक्कारा ,मोनू राठधना, जिला परिषद चेयरमैन राजबीर दहिया, सतीश रोहट, पवन खरखोदा, कैप्टन जिले सैनी,

**यह आयोजन पूव सरपंच स्व. पं. जयकिशन की दूसरी पुण्यतिथि पर गाँव के सरकारी स्कूल में लगाया गया**

अमन पारासर, तहसीलदार अशोक, धमल फौजी , कमांडो आशीष दहिया आदि को स्मृति चिन्ह देकर उनका शिविर में पहुँचने पर आभार किया। सभी अतिथियों ने शिविर में पहुच कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। यह रक्तदान शिविर माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से अध्यक्ष वीपिन कुमार गौड़ के नेतृत्व में 31वें रक्तदान शिविर का आयोजन सेना के लिए हुआ। रक्तदान शिविर के दौरान केशव होस्पिटल खरखोदा के द्वारा डारेक्टर विशाल नैन के नेतृत्व में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जिसमें लगभग 200 मरीजो की स्वास्थ्य जाँच हुई । शिविर में एच बी ,ब्लड सुगर , बी पी , गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच व मुफ्त में दवाइया भी दी गयी।

शिविर में सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया के द्वारा सभी रक्तदाताओं को विशेष तौर पर सेहत के लिए फायदेमंद शहद , जूस गिफ्ट किया गया व साथ मे हेयर शेम्पू भी दिया गया जिसके सह स्पॉन्सर डाबर इंडिया का भी सँस्था ने आभार किया । शिविर में तीनों संस्थाओं के अनेको स्वयं सेवकों ने रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला और शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया । समिति ने समस्त गांव कंवाली व सभी रक्तदाताओं का व प्राचार्य वेदपाल मलिक, मुख्याध्यापक वेदपाल पारासर का आभार जताया।

# पुरानी वस्तुओं को रिसाइकिल कर शहर को कचरा मुक्त बनाएं



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** नगरपालिका शहर को साफ सुथरा रखने के लिए पुरानी वस्तुओं को रिसाइकिल कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जाएगा। रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल (ट्रिपल आर) योजना के तह्त पूरे शहर में अभियान चलाया जाएगा। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि पुराने, कपड़े, जूते, प्लास्टिक और इलेक्ट्रिक सामान उपयोग में लाकर शहर को कचरा मुक्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अभियान 15 मई से पांच जून तक चलाया चलेगा। इसमें हर वार्ड में एक टीम का गठन होगा। जो लोगों को इस अभियान के प्रति जागरूक करेंगे। सचिव ने बताया कि नगरपालिका ने इस अभियान को मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर का नाम दिया है। स्वच्छ भारत मिशन की टीम गन्नौर फ्लाई ओवर के नीचे बीएसटी रोड की तरफ व गढ़ी केसरी रोड पर गैस गोदाम के पास दो जगहों को एकत्रित वेस्ट को रखने के लिए जगह का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि जैसा सामान मिलता है उसी हिसाब से उन्हें उपयोग में लाया जाएगा और लोगों को अभियान से जोड़ा जाएगा। गैर जरूरी चीजों को रिसाइकिल कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जाएगा। यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस तक सभी वार्डों में चलाया जाएगा। सचिव ने बताया कि इसे सफल बनाने के लिए गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, नागरिक व स्वयं सेवकों का सहयोग लिया जाएगा ताकि बड़े स्तर पर यह अभियान सफल हो सके।
इसके साथ ही पार्कों को भी इस अभियान के जरिए सुंदर बनाने की योजना है।

# अग्रवाल मंडी के तालाब की सफाई व सौंदर्य कर[illegible]ा के लिए डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,** समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया अग्रवाल मंडी के पूर्वी द्वार पर सैकड़ों वर्ष पुराना तलाब है इसकी शिकायत कई बार उपायुक्त महोदय व आयुक्त महोदय विधायक सांसद से कई बार कर चुके हैं कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद हुमन राइट चंडीगढ़ से ऑर्डर होने के बाद 2016 में तालाब की सफाई शुरू हुई थी लेकिन बरसात आ जाने से और जो तालाब के मालिक बनते हैं वह कोर्ट चले गए थे जबकि कोर्ट ने भी तालाब की सफाई के निर्देश नगर निगम को दे रखे हैं लेकिन नगर निगम कोई सफाई नहीं करा रहा है आगे बरसात का मौसम है।

तालाब की गंदगी की वजह से कॉलोनी में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है और अगर तलाब का सौंदर्य करण करवा दिया जाए जिससे कॉलोनी के बुजुर्ग वह बच्चे आसपास में घूम सके सुबह-शाम शेर कर सकें जिससे कॉलोनी में साफ-सफाई रहे और हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सपना है वह भी साकार हो सके और 1908 से लेकर 1980 तक की जमाबंदी ओ में तलाब दशार्या गया है लेकिन फिलहाल की जमाबंदी में तलाब की जगह मकान दिखा रखे हैं लेकिन मौके पर मौजूदा तलाब ही है।

# आंगनवाड़ी वर्करों को मातृ वंदना योजना के बारे में दी ट्रेनिंग



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में आंगनवाड़ी वर्करों को परियोजना अधिकारी निर्मल देवी की देखरेख में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गन्नौर के विभिन्न गांवों के 5 सर्कल की वर्करों ने भाग लिया। परियोजना अधिकारी निर्मल देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक मातृत्व लाभ योजना है। इसके तहत महिलाओं की आर्थिक मदद की जाती है। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को तीन आसान किश्तों में 5000 रुपये की मदद प्रदान की जाती है। विशेष मातृ और बाल स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यकता को पूरा करने के लिए परिवार के पहले जीवित बच्चे के लिए प्रोत्साहन स्वरूप यह राशि प्रदान की जाती है। मातृत्व लाभ प्राप्त करने की योग्य महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र या एक ऐसे सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना होता है। पंजीकरण अंतिम मासिक धर्म के 150 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। सर्वे के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर अवश्य ध्यान दें की कोई भी लाभार्थी स्कीम से वंचित न रह जाएं।

# गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें प्रदेशवासी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से एडवाइजरी जारी करते हुए प्रदेश के लोगों को लू व गर्मी से बचाव करने की सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में गर्म हवाओं व बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ गया है, ऐसे में सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है।
विभाग के प्रवक्ता ने कहा है कि तापमान बढ़ने के साथ ही लू एवं गर्मी लगने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर धूप में घूमने वाले लोगों , खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है कि पहले ही सावधानी बरती जाए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया है कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का भी सेवन करें।

# उपायुक्त शांतनु शर्मा ने तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## लघु सचिवालय के प्रवेश द्वार के समक्ष सभी कार्यालयों के कमरा नंबर के साथ बोर्ड लगवाने के विषय को भी उपायुक्त के समक्ष रखा गया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि तहसील कार्यालय में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लोगों के कार्य करना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए और ना ही किसी नागरिक को परेशानी आने दी जाए। इतना ही नहीं लोगों के कार्यों को जल्द से जल्द करना भी सुनिश्चित किया जाए। अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत सामने आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय व सरल केंद्र का औचक निरीक्षण करने के उपरांत राजस्व विभाग के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इससे पहले उपायुक्त शांतनु शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम सुरेंद्र पाल, डीएमसी अश्विनी मलिक, तहसीलदार अजीत, नायब तहसीलदार अभिमन्यू ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान नए लघु सचिवालय के प्रवेश द्वार के समक्ष सभी कार्यालयों के कमरा नंबर के साथ बोर्ड लगवाने के विषय को भी उपायुक्त के समक्ष रखा गया। उपायुक्त ने सचिवालय के प्रवेश द्वार के साथ-साथ तहसील कार्यालय के कार्य को पूरा करने के लिए सरल केंद्र में स्थापित किए गए कक्षों का अवलोकन किया। इस दौरान कर्मचारियों से दस्तावेजों को पंजीकरण करने, टोकन प्रणाली के बारे में भी पूछताछ की और उपायुक्त ने सरल केंद्र में सीनियर सिटीजन लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए कक्ष, आधार कार्ड कक्ष, ड्राईविंग लाइसेंस के साथ-साथ अन्य काउंटरों का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

**अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत सामने आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी**

उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं का जल्द से जल्द फायदा पहुंचाना अधिकारियों व कर्मचारियों का अहम और प्रथम लक्ष्य है। इसलिए सरकार की योजनाओं को लेकर जितने भी काउंटर बनाए गए है, उन काउंटरों पर कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में बैठकर लोगों के कार्यों को तुरंत पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी नागरिक को परेशानी और दिक्कत नहीं आने चाहिए। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोगों की सेवा और मदद करने के उदेश्य से कार्य करना चाहिए।

# रौनक पब्लिक स्कूल के एनसीसी (थल सेना विंग) कैडेट का दल शिविर के लिए रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल के एनसीसी (थल सेना विंग) कैडेट का दल दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए आज रवाना हुआ। शिविर पानीपत के नौलथा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित होगा। स्कूल के 29 कैडेट का दल सीटीओ गुरजीत सिंह के संरक्षण में रवाना हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने कैडेट के दल को रवाना करते हुए बताया कि हमारे कैडेट शिविर में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और एकता और अनुशासन के साथ पूरे दमखम से विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन करेंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट में देशभक्ति की भावना विकसित करने के अलावा उनमें नेतृत्व के गुण बढ़ाना है। शिविर में विभिन्न प्रकार के शस्त्रों के उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी।

# हरियाणा में रेल, सड़क तंत्र के नये युग का हुआ सूत्रपात

## मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार से हरियाणा के लिए परियोजनाओं को मिली त्वरित मंजूरी, भारतमाला परियोजना से भी प्रदेश में कई नये हाईवे का काम प्रगति पर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरित** क्रांति में खाद्यानों के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने में उल्लेखनीय योगदान वाला कृषि प्रधान हरियाणा अब विगत 8 वर्षों में सड़क, रेल व हवाई तंत्र को सुदृढ़ करने में आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में राज्य ने एक नये युग का सूत्रपात किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार ने हरियाणा की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को त्वरित स्वीकृति प्रदान की हैं और अनेकों परियोजनाएं इस कार्यकाल में पूरी भी हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई केंद्रीय मंत्रियों ने स्वयं हरियाणा आकर कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। भारतमाला परियोजना के तहत भी प्रदेश में कई नये हाई-वे का काम प्रगति पर है और अब तो प्रदेश के कई शहर 5-5 नेशनल हाई-वे से जुड़ गए हैं, जिससे न केवल लोगों को आवागमन की सुविधा मिली है

**मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार ने हरियाणा की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को त्वरित स्वीकृति प्रदान की हैं**

बल्कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था- को भी मजबूती मिली है। वीरवार को ही हरियाणा को द्वारका एक्सप्रेसवे के रूप में एक और एक्सप्रेस-वे का तोहफा मिला है। 9000 करोड़ रुपए की लागत का 29.6 किलोमीटर लंबाई वाला द्वारका एक्सप्रेसवे देश का पहला एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे है, जिसमें 18.9 किमी हिस्सा हरियाणा क्षेत्र में पड़ता है। निश्चित ही हरियाणा वासियों को इसका बहुत लाभ मिलेगा। विशेष रूप से गुरुग्राम को जाम से मुक्ति मिलेगी।

**दिल्ली, एनसीआर सहित हरियाणा में यातायात सुगम बनाने पर वर्ष 2014 से ही मुख्यमंत्री का रहा विशेष फोकस:** दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यातायात अवरूद्धता से मुख्यमंत्री भली- भांति परिचित थे और उन्होंने वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने की ठान ली थी। सर्वप्रथम उन्होंने हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे, जो लंबे अरसे से राजनीतिक विवादों के कारण सिरे चढ़ नहीं पा रही थी, को न केवल पूरा करवाया बल्कि इसे फोरलेन से छः लेन का करवाया। साथ ही केंद्र सरकार से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के कार्य को भी पूरा करने का आग्रह किया जो सफल रहा। फलस्वरूप दिल्ली से आगे जाने वाले यात्रियों व मालवाहक वाहनों का आवागमन सुगम हुआ।



दिल्ली मेट्रो को गुरुग्राम, बल्लभगढ़ तक विस्तारित किया और अब गुरुग्राम से फरीदाबाद के बीच भी मेट्रो प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री के प्रयासों से तैयार किया गया है, जो आगामी 2 वर्षों में पूरा हो जाएगा।

### रोहतक व कुरुक्षेत्र को रेलवे बाईपास बनाया

**रेलवे** फाटकों के कारण बार-बार यातायात अवरूद्ध होने से लोगों को आ रही परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इस समस्या के निदान हेतू अधिकारियों को एक नई कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। सबसे पहले रोहतक में एलिवेटेड रेलवे लाइन परियोजना पूरी होने से जिला को रेलवे बाईपास का तोहफा मिला। उसके बाद कुरुक्षेत्र में भी एलिवेटेड रेलवे लाइन परियोजना का कार्य शुरू हुआ, जिसकी इस वर्ष के अंत तक पूरा होने की संभावना है। अब राज्य सरकार ने बहादुरगढ़ और कैथल में भी एलिवेटेड रेलवे लाइन की परियोजना बनाई है।
वर्ष 2023-24 में भी लगभग 5000 किलोमीटर सड़कों के सुधार का रखा लक्ष्य: राज्य में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। वर्तमान राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान लगभग 2300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से 5460 से अधिक किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण किया है। इतना ही नहीं, वर्ष 2022-23 के दौरान 311 किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण और 2954 किलोमीटर सड़कों का सुधार किया गया। जबकि वर्ष 2023-24 में 5000 किलोमीटर सड़कों के सुधार का लक्ष्य रखा है। साथ ही, भीड़ कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए सरकार 14 नए बाइपास का निर्माण भी शुरू करेगी। विगत साढ़े 8 वर्षों में हरियाणा सरकार ने हवाई तंत्र के संचालन पर भी जोर दिया है।

# एक हजार देकर महिला से ठग लिए 5.55 लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला को झांसे में लेकर अलग-अलग स्थानों को फाइव स्टार रेटिंग देने के नाम पर पांच लाख 55 हजार रुपये ठग लिए गए। महिला को पहले प्रति रेटिंग 50 रुपये देने का झांसा देकर फंसाया गया और उनके खाते में एक हजार रुपये भी भेजे गए। बाद में ज्यादा कमीशन देने का लालच देकर तीन दिन में अलग-अलग बैंक खातों में 20 बार राशि डलवाई गई। उसके बाद में और राशि मांगने पर महिला को ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने रुपये देने से मना किया तो उनके निर्वस्त्र फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।
एक महिला ने पुलिस को बताया कि 12 मई को उनके व्हाट्सएप पर एक नंबर से संदेश प्राप्त हुआ। उसमें गूगल मैप पर जाकर वहां अलग-अलग पैलेस (स्थानों) को फाइव स्टार रेटिंग देने की एवज में हर रेटिंग पर 50 रुपये देने की बात कही गई थी। उनके पास टेलीग्राम का लिंक भेजा गया। महिला ने बताया कि बाद में उनकी टेलीग्राम पर आइडी बना दी गई। रेटिंग देने पर उन्हें तीन हजार रुपये का लाभ हुआ। उनके खाते में एक हजार रुपये भेजे भी गए। यह राशि उसके एसबीआइ बैंक खाते में भेजी गई। इसके बाद उन्हें अलग-अलग टास्क पूरे करने पर मोटा कमीशन देने का झांसा दिया। उन्हें बताया गया कि उन्हें 30 से 40 फीसदी कमीशन मिलेगा। जिस पर वह उनके झांसे में आ गई। महिला ने बताया कि उसके बाद साइबर ठगों ने उनसे तीन दिन के अंदर अलग-अलग खातें में पांच लाख 55 हजार रुपये डलवा लिये।

# 'जीएसटी सर्वे की आड़ में भ्रष्टाचार की एक और दुकान खोल रही है सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा में जीएसटी सर्वे के नाम पर विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों आदि पर जाकर जांच किये जाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार जीएसटी सर्वे की आड़ में भ्रष्टाचार की एक और दुकान खोल रही है। इससे इन्स्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने पूरी कवायद को गैर-जरूरी बताते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में पिछले कई दिनों से जीएसटी अधिकारियों द्वारा कारोबारियों, दुकानों पर जाकर जांच की खबरें जोरों पर हैं। सर्वे के दौरान दस्तावेजों की जाँच में गलती पकड़े जाने पर भारी-भरकम जुमार्ना व सजा की इन खबरों से व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जीएसटी सर्वे व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को परेशान करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का नया सरकारी हथकंडा है। उन्होंने मांग करी कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सर्वे के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न न हो। दीपेन्द्र हुड्डा ने



**इससे इन्स्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा**

कहा कि व्यापारियों ने उनसे जीएसटी सर्वे के नाम पर छोटी-छोटी गलती पकड़ कर अवैध धन उगाही किये जाने की भी शिकायत की है। इससे पैसा सरकारी खजाने में कम और अधिकारी व सरकार में बैठे लोगों की जेब में ज्यादा जाएगा। पहले से ही परेशान व्यापारियों को सरकार और परेशान क्यों कर रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने आगे कहा कि व्यापारी हमेशा सरकार की नीतियों को स्वीकार करता है और ईमानदारी से काम करने की कोशिश करता है ऐसे में उसे संदेह की निगाह से देखना ठीक नहीं है। कराधान विभाग में प्रत्येक पंजीकृत व्यापारी का पूरा रिकार्ड रहता है इसलिए हर दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान पर जाकर सर्वे करना और उन्हें परेशान करना गलत है। उन्होंने आगे कहा सरकार की इन्हीं गलत नीतियों के चलते अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई, उद्योग-धंधे तबाह हो गये, जिसका सीधा खामियाजा आम गरीब को महंगाई के रूप में और युवाओं को रिकार्ड बेरोजगारी के रूप में झेलना पड़ रहा है। नोटबंदी, जल्दबाजी में लागू की गई दोषपूर्ण जीएसटी से पैदा हुई मंदी, महंगाई और बेरोजगारी की चोट ने करोड़ों लोगों को गरीबी के कुचक्र में फंसा दिया।

# हरियाणा मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी फैमिली की लैंड-डील सुर्खियों में

## 2.73 करोड़ की जमीन सिर्फ 75 लाख में खरीदी; 19 दिन में सीएलयू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल ओएसडी रह चुके नीरज दफ्तुआर की फैमिली एक लैंड डील को लेकर सुर्खियों में है। आम आदमी पार्टी (आप) ने इस डील से जुड़े फैक्ट्स का सिलसिलेवार ढंग से खुलासा करते हुए नीरज दफ्तुआर पर कई सवाल उठाए। आप नेता अनुराग ढांडा के अनुसार, नीरज दफ्तुआर की पत्नी अनुपम और उनके बेटे आदित्य ने सालभर पहले झज्जर जिले में चेंज ऑफ लैंड यूज हो चुकी 9 एकड़ जमीन एक कंपनी से ली। इस कंपनी ने मार्च-2022 में ही ये जमीन 2 करोड़ 73 लाख रुपए में खरीदी और फिर उसका चेंज ऑफ लैंड कराया। सीएलयू मंजूर होने से 2 दिन पहले कंपनी डायरेक्टरों ने फाइनेंशियल



क्राइसिस के चलते उसे 75 लाख रुपए में अनुपम और आदित्य को बेच दिया। आप ने नई कंपनी बनाकर एग्रीकल्चर लैंड खरीदने, उसका सीएलयू कराने और फिर कंपनी व उसकी सारी संपत्तियां दफ्तुआर फैमिली को बेचने का काम सिर्फ 70 दिन में हो जाने की जांच कराने की मांग की।

**कंपनी बनाकर महीने बाद जमीन की डील:** हरियाणा में 24 फरवरी 2022 को सीएलयू रियल लॉजिस्टिक्स नाम से एक कंपनी बनाई गई। इस कंपनी का रजिस्ट्रेशन गुरुग्राम में शिवाजी नगर के एड्रेस पर कराया गया। कंपनी में दो डायरेक्टर थे- सिद्धार्थ लांबा और आशीष चांदना। इस कंपनी को बनाने का मकसद था ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स का काम करना। कंपनी के रजिस्ट्रेशन के 30 दिन बाद दोनों डायरेक्टरों ने हरियाणा के झज्जर जिले की बादली तहसील के खालिकपुर गांव में नौ

**रजिस्ट्रेशन गुरुग्राम में शिवाजी नगर के एड्रेस पर कराया गया। कंपनी में दो डायरेक्टर थे- सिद्धार्थ लांबा और आशीष चांदना**

एकड़ एग्रीकल्चर लैंड खरीदी। ये जमीन रिलायंस कंपनी की ओर से संचालित मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड से खरीदी गई और सेल डीड के मुताबिक इसकी कीमत दो करोड़ 73 लाख रुपए थी जिस पर 19 लाख 11 हजार रुपए की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई। 22 मार्च 2022 को जमीन का सौदा होने के 24 दिन बाद, कंपनी के डायरेक्टर आशीष चांदना ने 15 अप्रैल 2022 को हरियाणा सरकार के डायरेक्टोरेट ऑफ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में जमीन के चेंज ऑफ लैंड यूज के लिए अप्लाई किया। उछव के लिए दी गई एप्लिकेशन के अनुसार कंपनी इस नौ एकड़ एग्रीकल्चर लैंड पर वेअरहाउस बनाना चाहती थी। आशीष चांदना की एप्लिकेशन मिलने के 19 दिन बाद, 4 मई 2022 को डायरेक्टोरेट ऑफ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने आवेदन को मंजूर करते हुए जमीन का पास कर दिया।

**दफ्तुआर की पत्नी-बेटे को बेच दी जमीन:** 4 मई 2022 को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से उछव मंजूर होने से दो दिन पहले, 2 मई 2022 को रियल लॉजिस्टिक्स कंपनी के दोनों डायरेक्टरों सिद्धार्थ लांबा और आशीष चांदना ने नीरज दफ्तुआर की पत्नी अनुपम दफ्तुआर और बेटे आदित्य दफ्तुआर के साथ एक कानूनी करार किया।

## जमीन का बयाना लेकर किसी और के नाम कराई रजिस्ट्री

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**जमीन** को बेचने का इकरारनामा करने के बावजूद रजिस्ट्री करवा कर चार लाख 60 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने पर पुलिस ने शुक्रवार को एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में गुलजार सिंह निवासी गांव बाऊपुर पुलिस में दी शिकायत में कहां है कि गांव की 3 एकड़ जमीन जिसकी मलकीयत मेघराज के नाम थी। उसने यह जमीन अपनी भाबी बिमला देवी के नाम बरुवे वसीका 2011 में तब्दील कर दी थी। इस जमीन की बाबत एक मुकदमा लखमीर सिंह उर्फ लखबीर सिंह ने हाईकोर्ट चंडीगढ़ में डाला हुआ था, जहां पर इस जमीन को न बेचने का आदेश लागू हुआ था। उसने विमला देवी उसके बेटे सुनील कुमार के कहने से उसने 2011 में इस 3 एकड़ जमीन का सौदा कर लिया। वह इस जमीन का सौदा करने के बाद बयाना के तौर पर उससे चार लाख 60 हजार रूपए ले चुके हैं। उन्होंने उसके साथ मुकदमा खत्म होने के बाद रजिस्ट्री करवाने का वादा किया हुआ है और उसे मौका पर इस 3 एकड़ जमीन का कब्जा दिया हुआ है।

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत लिया जा रहा एक्शन: डा. कमल

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**स्थानीय नि**काय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में डबवाली को पुलिस जिला बनाने की घोषणा की है, इससे क्षेत्र में नशे पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी। यह सरकार का बहुत ही सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने लगभग 326 करोड़ रुपये की लागत के उद्घाटन व शिलान्यास किए हैं। प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है, सरकार का लक्ष्य है कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, ताकि उनका आर्थिक उत्थान हो जा सके। सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक नीति पर चलते हुए विकास कार्य करवा रही है।

## ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा व हरेडा विभाग के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। सरकार की ओर से सभी सरकारी भवनों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना तैयार की है। विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जिला की पंजीकृत अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे, जिसकी 25 प्रतिशत की राशि

**बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लागू की जा रही है**

संबंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी। इन धर्मशालाओं में बैटरी बैंक सहित अथवा बिना बैटरी के 5 किलोवाट तक के सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष के लिए प्रदेशभर में एक मेगावाट के सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे।

# आत्मनिर्भर बनने को महिलाओं ने सीखी शीशे की कैरी बैग व झूमर बनाना

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**महिलाओं के** उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर द्वारा किया गया था। शुक्रवार को इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के आस पास के गावों की लगभग 50 से भी अधिक ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। झज्जर से आई हुई ट्रैनर गौतमी कटारिया ने सभी महिलाओं को घर की सजावट के लिए इस्तेमाल में आने वाली वस्तुएं शीशे की सजावट, कैरी बैग और झूमर बनाना सिखाया। एक दिन में महिलाओं को 10 घंटे तक ट्रेनिंग दी जाती है, जिसमें वो यूनिवर्सिटी में ही नहीं बल्कि घर जाने के बाद भी ये काम सीखती हैं। ऋषि शर्मा ने बताया कि



एसीआईसी-एसजीटीयू द्वारा यह पहल की गई है कि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि महिलाएं एक बेहतर जीवन यापन कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम एसीआईसी-एसजीटीयू समय समय पर करवाता है, जिसके तहत अब तक 150 से भी अधिक महिलाओं को ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जा चुका है। महिलाओं को सीखने के लिए इस्तेमाल में आने वाली वस्तुएं यूनिवर्सिटी द्वारा दी जाती हैं। स्टूडेंट्स और कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एसजीटी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर बनाई गई चीजों की बिक्री करेंगे, जिसका 70 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं को दिया जाएगा। बकुल देव राय ने बताया कि कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का उद्देश्य एक पूरा

**यूनिवर्सिटी के आस पास के गावों की लगभग 50 से भी अधिक ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया**

उद्यम का पारिस्थितिकी तंत्र है। जिसमें ग्रामीण महिलायें व यूनिवर्सिटी के छात्र उधम करें और जो वो सीख रहे हैं, उससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सके।

ट्रेनिंग लेने पहुंची पिंकी चौहान ने एसीआईसी-एसजीटीयू का इस पहल के लिए धन्यवाद किया और बताया कि वह पहली बार यहां ट्रेनिंग लेने के लिए पहुंची है। बहुत ही सकारात्मक वातावरण में उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही हर तरह की सुविधा यूनिवर्सिटी द्वारा दी गई है, चाहे यात्रा कर यूनिवर्सिटी बस से यहां पहुंचना ही क्यों ना हो।



## न्यूज फ्लैश

### परीक्षा के मद्देनजर जिलाधीश ने जिला में लगाई धारा-144

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिलाधीश अनीश यादव ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा एचसीएस तथा अन्य संबधित लिखित परीक्षा के मद्देनजर जिले में आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा 144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के निकट निषेधाज्ञा आगामी 21 मई के लिए लागू कर दी है। जिलाधीश ने यह आदेश परीक्षा को नकलरहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्धेश्य से जनहित में जारी किये हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर इक्कठे खड़े नहीं होंगे, किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र, तेज हथियार लाठी, भाला, बरछा, जेली, गंडासा, चाकू आदि अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबन्दी रहेगी। यह आदेश डयूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत आगामी 21 मई को प्रातः 9.30 बजे से सायं 5 बजे तक सभी फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेगी। आदेशों की अनुपालना ना करने वाले व्यक्ति पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### अभियान के तहत मोटरसाइकिल का किया 22 हजार रुपये का चालान

**सोनीपत।** जिला यातायात पुलिस की तरफ से नियमों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत शहर के रेलवे रोड पर चैकिंग के दौरान पटाखे छोड़ने वाली मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। मोटरसाइकिल चालक को पुलिस की तरफ से 22 हजार रुपये का चालान काटा गया है। वहीं दिन भर यातायात पुलिस की तरफ से शहर के अलग-अलग चौ-चौराहों पर जांच अभियान चलाया गया। सोनीपत में यातायात पुलिस ने नियमों की पालना करवाने को लेकर कठोर कदम उठाएं जा रहे है। वहीं यातायात के नियमों की पालना ना करने वाले दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहनों के लगातार चालान किए जा रहे है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# भाजपा जिला कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक हुई सम्पन्न




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भाजपा** जिला कार्यालय कर्ण कमल में जिला कार्यकारिणी की पहली संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जरए सांसद संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मंत्री शशीपाल मेहता, प्रभारी दीपक शर्मा, चैयरपर्सन निर्मल बैरागी, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, पूर्व विधायक बक्शीश सिंह, जिलामहामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल विशेष तौर पर मौजूद रहे । इस मौके पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कांग्रेसी शासनकाल की तुलना में तीन गुणा अधिक की स्पीड से विकास कार्य हो रहे हैं एवं भाजपा सरकार द्वारा पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने इस मौके पर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारत विश्व गुरु बना है। भारत के विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम भारत की 140 करोड़ जनता की ताकत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता को दशार्ते हैं। विश्व के सबसे मजबूत समूह जी20 की अध्यक्षता कर भारत की नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा विश्व अब मान रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर इजाफा किया जा रहा है। वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में केवल 750 मेडिकल सीटों पर दाखिला होता था, आज प्रदेश में 1900 मेडिकल की सीटें जिन्हें बढ़ाकर आने वाले समय में 3 हजार से ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी 7 मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं। यही नहीं सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रदेश की जनता को 550 से ज्यादा प्रकार की दवाईयां मुफ्त उपलब्ध करवाई जा रही हैं। केन्द्र सरकार ने भी आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत जैसी प्रभावी योजना को धरातल पर लागू किया हैए जिसके माध्यम से पात्र व्यक्ति 5 लाख रुपये तक का वार्षिक मुफ्त ईलाज पा सकता है। प्रदेश में लगभग साढ़े 15 लाख आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए हैं। हरियाणा सरकार ने इस योजना में विस्तार करते हुए चिरायु हरियाणा योजना को लागू किया है और 14 लाख चिरायु कार्ड बनाते हुए कुल साढ़े 29 लाख लोगों के लिए मुफ्त ईलाज सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य की जांच भी समय पर हो इसके लिए निरोगी हरियाणा योजना भी हाल ही में लागू की गई है, जिसके माध्यम से पात्र व्यक्तियों के 25 प्रकार के टैस्ट निशुल्क किए जाएंगे। प्राईवेट अस्पतालों में भी यह टैस्ट मुफ्त होंए इसके लिए हरियाणा सरकार जल्द ही प्राईवेट अस्पतालों से समझौता करने जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से ही प्रदेश की जनता का ईलाज समय पर होए यह सरकार की प्राथमिकता है, परंतु आमजन कम से कम बीमार हो और निरोगी जीवन जिए, इसके लिए भी प्रदेश सरकार प्रयासरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में हैल्थ वैलनेस सैंटर और व्यायामशालाएं खोली गई हैं तथा योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सांसद संजय भाटिया ने कार्यकताओं को आह्वान किया कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। घरोंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का वर्णन किया।

## सिविल पेन्शरज वेलफेयर एसोसिएशन कल लगाएगा आई चेकअप कैंप

### सिविल पेन्शरज वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों का मनेगा जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल संस्थाना** सिविल पेन्शरज वेल्फेयर एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एस. एल. दुरेजा ने बताया कि प्रत्येक माह की भांति इस मास 20 मई 2023 दिन शनिवार को भी एसोसिएशन के उन सम्मानित सदस्यों का सम्मान किया जायेगा जिनका जन्मदिन मई महीने में आता है। यह आयोजन सामूहिक रूप से माल रोड स्थित सिंचाई विभाग कैम्पस में मनाया जायेगा। इसके साथ ही उसी दिन सुबह 10 बजे ऋषिराज आई, हस्पताल सैक्टर-6, करनाल द्वारा आंखों का मुफ्त चैकअप किया जायेगा तथा विभिन्न टैस्ट जैसे शुगर, बी.पी., वजन, पल्स रेट इत्यादि भी किये जायेंगे और साथ में भजन गीतों चुटकली द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम का भी समावेश किया जायेगा । आयोजन के समापन पर जलपान की व्यवस्था की गई हैं। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव सुभाष यादव द्वारा दी गई।

## योजनाओं का पात्र लोगों को ज्यादा से ज्यादा मिले लाभ



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारत सरकार के** अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा शुक्रवार को करनाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अल्पसंख्यक समाज के लोगों व अलग-अलग विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारी ऐसी नीति पर काम करें कि अल्पसंख्यक समाज के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का पात्र लोगों तक ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह प्रयास करना चाहिए कि जो पात्र व्यक्ति है, उसे ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे। सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार व प्रसार करना चाहिए। विद्यार्थियों से जुड़ी स्कीम को स्कूल व कॉलेजों के माध्मय से प्रचारित करें। इसके अतिरिक्त जिन योजनाओं के माध्मय से कोई युवा अपना रोजगार कर सकता है, उन्हें लोगों तक पहुंचाया जाए। आज हमें नए-नए स्टार्टअप की जरुरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले।

**समाज के लोगों से किया आह्वान-सभी मिलकर देश की तरक्की के लिए करें कार्य**

चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि सामाजिक विकास के लिए हमें लगातार चिंतन करना चाहिए। इसके लिए निरंतर बैठक होनी चाहिए। सामाजिक विकास के लिए न केवल अल्पसंख्यक बल्कि सभी समुदाय के लोगों को भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि देश की तरक्की लिए हमें मिलकर कार्य करना चाहिए। एकता से ही देश का विकास किया जा सकता है। हमारा देश तरक्की की तरफ बढ़ रहा है, हम समाज से बहुत कुछ लेते हैं, हमें भी समाज को कुछ देना चाहिए। बैठक में नगराधीश अमन कुमार, डीएसपी नायब सिंह, महिला एवं बाल विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी, उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनीता डागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इकबाल सिंह लालपुरा ने किए आराधना मंदिर में दर्शन



करनाल/टीम एक्शन इंडिया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के चेयरमैन तथा प्रतिष्ठित भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति के वरिष्ठ सदस्य स. इकबाल सिंह लालपुरा तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में वर्तमान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लेने हेतु उपस्थित हुए। उन्होंने मुनि जी से समसामयिक चर्चा करते हुए इतिहास के पन्नों में भारतीय संत परंपरा की गौरवशाली विरासत, सभी भारतीय धर्मों की मौलिक एकता, त्यागी संत-महापुरुषों के सतत समाज कल्याण कार्यों पर विशद वार्ता की। उन्होंने विभिन्न मंदिरों में माथा टेककर सभी के कल्याण के लिए अरदास की और नवस्थापित श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल द्वारा दी जा रही बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर जनसेवार्थ किए जा रहे प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की।इस सुअवसर पर प्रबंधक सुशील जैन, राजन जैन, नवीन जैन आदि उपस्थित रहे।

## दुकानदार का सामान निकालकर बाहर फेंकने का आरोप

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड रोहतक रोड पर स्थित एक दुकान से दबंगों ने सामान निकालकर बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर उनको मारपीट करके घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहन नगर निवासी अरविंद्र ठाकुर ने बताया कि उन्होंने ओल्ड रोहतक रोड पर किराए पर दुकान ले रखी है। उनके पास यह दुकान 1995 से है।

## जोहड़ ओवरफ्लो की समस्या को लेकर कुंजपुरा में प्रदर्शन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कुंजपुरा गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव के पूर्व में स्थित पंचायती जोहड़ ओवरफ्लो होने की समस्या को लेकर रोष प्रदर्शन किया। जोहड़ के समीप लगते खेतों के किसान तालाब किनारे एकत्रित हुए और जिला विकास एवं पंचायत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण रवि चौहान, सुखदेव भाटिया, चंद्रशेखर चौहान, जगदीश भाटिया, मुनीष भाटिया, कन्हैयालाल भाटिया, ऋषिपाल, कृष्ण कुमार, कमल, विक्की सिंह, जोगिंद्र राणा, सुरेश चौहान, जसबीर सिंह व राजेश ने कहा कि गांव जोहड़ के समीप करीब 20 किसानों के खेत हैं। ये किसान एक एकड़ या आधा एकड़ के मालिक हैं। पूरा वर्ष जोहड़ ओवरफ्लो रहता है। गांव का 90 प्रतिशत निकासी पानी इसी जोहड़ में आता है। यह पानी खेतों में घुसने से हर बार फसल नष्ट हो रही है। वर्षा होने पर इन किसानों की नींद उड़ जाती है। गांव से जोहड़ तक करीब 400 मीटर कच्चा पंचायती रास्ता है। इसी रास्ते का इस्तेमाल किसान अपने खेतों में आने-जाने के लिए करते हैं। इस रास्ते की हालत भी दयनीय है। ग्रामीणों ने कहा कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कुंजपुरा को शिकायत दी थी। जिला प्रशासन को भी समस्या से अवगत कराया किंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। उनकी मांग है कि जोहड़ की ओवरफ्लो की समस्या का समाधान किया जाए। इसकी खुदाई करवाकर इसमें जल संचयन संयंत्र स्थापित किए जाएं। इसके अलावा इसकी बाउंड्री पक्की की जाए। जोहड़ के पानी की निकासी के लिए दूर तक पाइपलाइनें दबाई जाएं, ताकि बड़े किसान इसके पानी को सिंचाई में इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश सरकार और प्रशासन ने जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं दिया तो वे आंदोलन तेज करेंगे। गांव में हुई बैठक में यह फैसला लिया जा चुका है।

## आलिशान होटलों से जेवरात व नकदी चुराने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला पुलिस** की डिटेक्टिव स्टाफ टीम द्वारा करनाल के पांच सितारा नूर महल होटल में घटित एक हाईप्रोफाइल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 15 तोले सोना व 3800 रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस टीम द्वारा 12 मई को आरोपी जयेस रावजी सेजपाल पुत्र रावजी गुजराती वासी पदमावती सोसाईटी मुख्तानन्द मार्ग वापी वेलसाड गुजरात उम्र 52 साल व पढ़ाई नौवी तक को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर रायपुर छत्तीसगढ़ से काबू करके लाया गया। आरोपी को 13 मई को पेश अदालत करके 9 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई और दौराने रिमाण्ड आरोपी के कब्जे से मुम्बई में एक किराये के कमरे से चोरीशुदा करीब 15 तोले पिघला हुआ सोना व 3800 रुपए की नगदी बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों की मदद से आरोपी तक पंहुचने में कामयाब हुई और आरोपी को कम समय में ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है। आरोपी ज्यादातर बडे शहरों में थ्री स्टार, फाईव स्टार व सेवन स्टार जैसे आलिशान होटलों में बडे ही शातिर तरीके से इस प्रकार की चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

सबसे पहले किसी बडे शहर में जाकर बस अड्डे के आसपास ठहरकर शहर के सितारा होटलों की रैकी करता था और रैकी करने के लिए ई-रिक्शा या ऑटो का प्रयोग करता था।

## लाखों रुपये कीमत के मादक पदार्थ सहित दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** राई थाना पुलिस ने लाखों रुपये कीमत के मादक पदार्थ सहित दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सिकंदर व चंदन कुमार निवासी चत्तरा झारखंड के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव टांडा जगदीशपुर में मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली उनकी टीम गश्त के दौरान टाडा (जगदीशपुर) में मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली की दो युवक मोटरसाइकिल पर मादक पदार्थ सहित आने वाले है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्हें आता देख काबू कर लिया। उनके पास से मादक पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर 800 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

## सीजेएम ने पैनल एडवोकेट के लिए किया कार्यशाला का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीजेएम सुश्री जसबीर ने बताया कि पैनल अधिवक्ताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और फ्रंट ऑफिस के कामकाज के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में एडीआर केंद्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने अधिवक्ताओं को कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए फ्रंट ऑफिस के समक्ष प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ एलडी के समक्ष सौंपे गए मामलों की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही के डेटा को अपडेट करने के लिए सूचित किया। ट्रायल कोर्ट, ताकि आवेदकों-वादकारियों को उनके मामलों की स्थिति के बारे में समय.समय पर सूचित किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि फ्रंट ऑफिस में पैरा-लीगल वालंटियर्स साधारण नोटिस जारी करनेए आवेदनों और याचिकाओं का मसौदा तैयार करनेए किसी स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान करने और बीच में मध्यस्थ के रूप में कार्य करने जैसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कानूनी सेवाओं की आवश्यकता वाले व्यक्तियों और कानूनी सेवा संस्थानों को ऐसे व्यक्तियों को न्याय तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए। उन्होंने यह भी बताया कि फ्रंट ऑफिस में पैरा-लीगल वालंटियर या पैनल वकील या रिटेनर वकील, जैसा भी मामला हो, कानूनी सेवा संस्थान के कर्मचारियों से सचिवीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सीजेएम ने पैनल अधिवक्ताओं को डीएलएसए करनाल के फ्रंट ऑफिस को बनाए रखने और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सहयोग करने पर बल दिया है। पैनल अधिवक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों की आम जनता को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियमए 1987 के तहत उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हरियाणा सरकार द्वारा प्रदान की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए भी सूचित किया गया था। ऐसे व्यक्ति को उनकी समस्याओं को हल करने के लिए दिया जाएगा।

## संपादकीय

# अब 'उन्हें' शर्म आती है ईवीएम पर सवाल उठाने में

**दक्षिण** भारत के राज्य कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को सत्ता मिल गई। इससे निश्चित ही कांग्रेस को डूबते को तिनके का सहारा मिल गया है। हालांकि कर्नाटक में सत्ता के शिखर पर पहुंचने के लिए चार दिन तक चले सत्ता के संग्राम में बाजी पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के हाथ लगी है। राजनीतिक दृष्टि से अध्ययन किया जाए तो यही कहा जाएगा कि कर्नाटक में कांग्रेस की विजय अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि यह कर्नाटक का लंबे समय से राजनीतिक इतिहास रहा है कि वहां कोई भी सरकार पुनः पदासीन नहीं हुई है, इसलिए कांग्रेस की इस जीत को परंपरावादी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं कही जाएगी। इसके बाद भी पूरे देश में सिमटती जा रही कांग्रेस के नेताओं में उत्साह का संचार पैदा हुआ है। कुछ राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस की इस जीत को इस रूप में भी प्रस्तुत करने लगे हैं कि दक्षिण में कांग्रेस ने भाजपा के बढ़ते कदमों को रोक दिया है। यह कितना सत्य है, यह तो कहा नहीं जा सकता, लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस को शायद इस बात का बहुत बड़ा भ्रम हो गया है कि वह अपराजेय बनती जा रही है। हालांकि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से भारत का भ्रमण करके यात्रा निकाली उसका कार्यकताओं में अच्छा संदेश गया। लेकिन उसने भाजपा को रोक दिया है, यह कहना इसलिए भी उचित नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उसी समय उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय के चुनाव हुए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने महापौर की सभी सीटों पर कब्जा किया। इसलिए कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चुनाव को राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से देखा जाना अपने आपको भुलावे में रखने के समान ही माना जाएगा। हम जानते हैं कि हर चुनाव के बाद ईवीएम पर सवाल उठाए जाते हैं। अगर भाजपा की विजय हो जाती है तो ईवीएम को चुनाव से हटाने की भी मांग उठने लगती। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस के जीतने के बाद ईवीएम पर किसी भी प्रकार की आवाज नहीं आ रही है। सबके मुंह पर टेप लग गया है। लंबे समय से विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि भाजपा ईवीएम के सहारे ही जीतती रही है। हम जानते हैं कि विपक्ष को केवल भाजपा की जीत से परहेज है, वे भाजपा की जीत को पचा नहीं पाते, जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था। इसके बाद भी यह नहीं कहा जा सकता कि वहां भाजपा और कांग्रेस का जनाधार समाप्त हो गया है। हमें स्मरण होगा कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के अधिकतर नेताओं ने एक स्वर में ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। तब इन सवालों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को बुलाया था कि ईवीएम को कोई हैक कर-के दिखाए। उस समय ज्यादा विरोध करने वाले कोई भी राजनेता चुनाव आयोग के बुलावे पर नहीं पहुंचे। इसलिए अब कर्नाटक में कांग्रेस को मिली विजय के बाद ईवीएम पर किसी भी प्रकार के सवाल नहीं उठ रहे। क्योंकि सभी जानते हैं कि इन सवालों का कोई पुष्ट आधार नहीं है। जहां तक उत्तरप्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा की विजय की बात है तो यह सभी स्वीकार करने लगे हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्य करने का तरीका अलग है, वे बुरे को बुरा कहने से नहीं चूकते।


# ढ़ोंगी,पाखंडी बाबाओं से सतर्कता की जरूरत



सुनील कुमार महला

"वैसे यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि बाबा शब्द का प्रयोग हमारे समाज में वृद्ध पुरूषों, दादा,पितामह के लिए भी अक्सर प्रयोग किया जाता है लेकिन हम यहाँ बाबा शब्द को साधु-संत के अर्थ के रूप में प्रयोग कर रहे हैं।अपने लिए कोई भी किसी भी प्रकार की सांसारिक इच्छा नहीं रखने वालों तथा परोपकार में अपना जीवन बिताने वालों को ही वास्तव में असली संत कहा जाता है। ढ़ोगी बाबाओं के बारे में किसी ने क्या खूब कहा है-'वेद-पुराण की सारी आभा ले डूबे, काशी, कैलाश और काबा ले डूबे, लोग कैसे समझें, कि धर्म क्या है,धर्म को अब, ढोंगी बाबा ले डूबे।' आज के युग में सच्चे संत,सच्चे बाबा,अध्यात्म और धर्म का ज्ञान रखने वाले बाबा कम हैं, ढ़ोंगी बाबाओं का मकड़जाल हमारे समाज में अधिक है"

**आज के** युग में हर तरफ बाबाओं का मायाजाल है। जिधर देखो उधर बाबा ही बाबा नजर आते हैं। आज हमारे देश में धर्म के नाम पर पाखंड लगातार बढ़ रहा है। यह पूरे समाज के लिए घातक है। इससे देश गलत रास्ते पर जा रहा है। सच तो यह है कि आज बाबाओं के नाम पर ढ़ोंग बहुत ज्यादा है, आज के समय में परोपकारी( दूसरों पर उपकार करने वाले) बाबा तो बहुत कम देखने को मिलते हैं। वास्तव में, यहाँ बाबा शब्द के अलग अलग अर्थ व मतलब हो सकते हैं लेकिन हम यहाँ बात कर रहे हैं धर्म और अध्यात्म से ताल्लुक रखते वाले बाबाओं की। आज के युग में बाबाओं को धर्म व अध्यात्म से कोई मतलब या सरोकार नहीं रह गया है. ज्यादातर बाबा लोग धर्म व अध्यात्म के नाम पर पाखंड करते हैं और उनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ धन या पैसा कमाना हो गया है। परहित से उन्हें कोई मतलब व सरोकार नजर नहीं आता और वे सिर्फ और सिर्फ धर्म व अध्यात्म के नाम पर अपनी रोटियां सेंकते नजर आते हैं। वैसे यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि बाबा शब्द का प्रयोग हमारे समाज में वृद्ध पुरूषों, दादा,पितामह के लिए भी अक्सर प्रयोग किया जाता है लेकिन हम यहाँ बाबा शब्द को साधु-संत के अर्थ के रूप में प्रयोग कर रहे हैं।अपने लिए कोई भी किसी भी प्रकार की सांसारिक इच्छा नहीं रखने वालों तथा परोपकार में अपना जीवन बिताने वालों को ही वास्तव में असली संत कहा जाता है। ढ़ोगी बाबाओं के बारे में किसी ने क्या खूब कहा है-'वेद-पुराण की सारी आभा ले डूबे, काशी, कैलाश और काबा ले डूबे, लोग कैसे समझें, कि धर्म क्या है,धर्म को अब, ढोंगी बाबा ले डूबे।' आज के युग में सच्चे संत,सच्चे बाबा,अध्यात्म और धर्म का ज्ञान रखने वाले बाबा कम हैं, ढ़ोंगी बाबाओं का मकड़जाल हमारे समाज में अधिक है और इनका काम हैं, आमजन के साथ धर्म और अध्यात्म के नाम पर खिलवाड़ करना, ये लोग आमजन की भावनाओं के साथ पाखंड का खेल खेलते हैं और इनका ध्यान हमेशा अर्थ या धन कमाने पर केन्द्रित रहता है। वास्तव में, सांसारिक हित करने की इच्छा को समाप्त कर जब परहित की इच्छा प्रबल हो जाती है तो ही व्यक्ति 'संत' कहलाने का पात्र बनता है। जिनके मन में ईष्या, द्वेष, लालच, स्वार्थ, क्रोध नहीं, जो मन, वचन, कर्म से पवित्र हैं, जो शत्रु मित्र से समदर्शी है, प्रदर्शन और आडम्बर से दूर हैं, जो मयार्दाओं का पालन करते हैं, जो संतोषी और दयालु हैं, वे ही वास्तविक और असली संत हैं।



आज के दौर में सच्चा संत मिलना बहुत ही दुर्लभ है। भारत में अनेक महान ऋषि, मुनि, तपस्वी,बाबा और संत हुए हैं जिन्होंने समय-समय पर समाज को बहुत कुछ दिया है लेकिन आज समाज को कुछ देने वाले बाबा बहुत ही कम नजर आते हैं। आज आए दिन अखबार की सुर्खियों में हमें खबरें पढ़ने को मिलती रहती हैं कि फलां फलां स्थान पर ढ़ोंगी, पाखंडी बाबा ने झाड़-फूंक के नाम पर बलात्कार किया। आज ढ़ोंगी बाबा तंत्र विधाओं के नाम पर, धर्म, अध्यात्म के नाम पर लोगों को मूर्ख बनाते हैं, भय और अशिक्षा की वजह से बहुत से लोग इन ढ़ोंगी बाबाओं के जाल में फंस जाते हैं, ये अपनी जेब भरने में ही विश्वास करते हैं, सामाजिक हितों से, किसी की भलाई से इन्हें कोई सरोकार या लेना देना नहीं होता है। सच तो यह है कि इनकी कथनी और करनी में रात दिन का अंतर होता है। आज हम सभी को इन बाबाओं से बचने और समाज को बचाने की जरूरत है। लोगों को समझाने की आवश्यकता है कि इन लोगों का धर्म व अध्यात्म से दूर दूर तक कोई भी वास्ता या सरोकार नहीं है और ये समाज को लूट रहे हैं, तभी वास्तव में हम एक अच्छे समाज की कल्पना कर सकते हैं। यह विडंबना ही है कि आज बाबाओं को राजनीतिक संरक्षण तक प्राप्त होता है। राजनीतिक दल अपने हितों की पूर्ति के लिए उन्हें पूर्ण संरक्षण प्रदान करते हैं। वास्तव में राजनीतिक दल उन्हें इसलिए महत्व देते हैं क्योंकि उनके पीछे धर्म को मानने वाले लाखों लोगों की भीड़ होती है और ये भीड़ ही वोट होते हैं। समय आने पर राजनीतिक रसूख वाले लोग इन बाबाओं की सहायता से वोट प्राप्त करते हैं और सत्ता की कुर्सी हथियाकर सालों-साल मौज उड़ाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय समाज युगों युगों से आस्थावादी और धर्मपरायण रहा है। धर्मपरायण और आस्थावादी लोग जब बिना कुछ सोचे समझे,जांचे परखे जब बाबाओं के पीछे भागते हैं, तो अक्सर धोखा खाते हैं, वे बाबाओं के पाखंड, ढ़ोंग को समझ नहीं पाते हैं। धर्म और अध्यात्म के नाम पर ये बाबा अपना उल्लू सीधा करने के लिए समाज में डर,भय भी पैदा करने का काम करते हैं।

आज का समय भी कुछ ऐसा ही हो गया है कि आज के समय में आदमी के पास कुछ सोचने समझने का समय ही नहीं है। आपाधापी, दौड़-धूप भरी जिंदगी में आदमी तनाव व अवसाद में जी रहा है। आज के युग में मनुष्य के जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है और आध्यात्मिक चेतना शून्य हो चुकी है तो ऐसे समय में आज हर कोई अपने जीवन के दुख-दर्द, पीड़ा, रोग, व्याधि, समस्याओं, परेशानियों आदि दूर करने के लिए ऐसे बाबाओं के प्रति आकर्षित हो रहा है। आज हमारे देश में बाबाओं के पास लगातार भीड़ बढ़ रही है। बड़ी दाढ़ी वाले बाबा मिनटों या कुछ ही क्षणों में में समस्या के छू-मंतर होने का समाधान बताते हैं, दावा करते हैं। जनता भेड़चाल होती है। सरलता व सुविधा से समस्या का समाधान ढूंढती है, इसलिए बिना कुछ सोचे समझे इन बाबाओं के पास जा रही है। आज हर व्यक्ति परेशान और बेचैन हो चला है। ऐसी स्थिति में बिना कुछ सोचे समझे समाज के बहुत से लोग बाबाओं के पीछे भागने लगते हैं, और इन बाबाओं के पाखंड का शिकार बन जाते हैं।आज बाबाओं के पीछे भीड़ को देखकर राजनीतिक दल उन्हें अपना व्यापक समर्थन व संरक्षण प्रदान करने लगते हैं। बहुत ही दुखद और विडंबना की बात है कि ये भारतीय सनातन धर्म को एक प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आज के समय में बहुत से बाबाओं पर हत्याओं से लेकर महिलाओं के यौन शोषण, अपहरण और अन्य जघन्य अपराधों के आरोप साबित हो चुके हैं। यहाँ किसी बाबा का नाम गिनाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इन बाबाओं की फेहरिस्त बहुत बड़ी व लंबी है, जिसे यहाँ गिनाना संभव नहीं है। आज हमारे समाज में धर्म के नाम पर पाखंड और प्रदर्शन की प्रवृत्तियां लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। धर्म और अध्यात्म की आड़ में लोगों को गुमराह कर आम लोगों को लूटने का कारोबार खूब चल रहा है,फल-फूल रहा है। कितनी बड़ी बात है कि धर्म के ये धंधेबाज धर्मभीरु लोगों की भावनाओं का फायदा उठाते हैं, यहाँ तक कि ये धंधेबाज बहुत बार स्वयं को भगवान, देवी-देवता एवं अवतार घोषित कर लोगों को सरेआम मूर्ख बनाते हैं। आज के समय में इन ढोंगी बाबाओं ने दलाली, ठेकेदारी और सफेदपोश लोगों के कालेधन को सफेद करके ही अपना आर्थिक साम्राज्य हजारों करोड़ तक फैला लिया है। धर्म के पुजारी हमेशा ईश्वर से डरने की बात करते हैं लेकिन ईश्वर से प्रेम,दया, करूणा के प्रतीक है, उससे डरने का कोई प्रयोजन ही नहीं है। वास्तव में, ईश्वर शब्द का अर्थ है ऐसी शक्ति जो ऐश्वर्यवान है, भारतीय ऋषि जिसे ब्रह्म कहते हैं और वह ईश्वर न जनमता है, न मरता है। वह मन-बुद्धि से परे का विषय है। वास्तव में, ईश्वर को जानने पर ही हम ईश्वर के नाम पर हो रहे पाखंड से बच सकते हैं। यह विडंबना ही है कि आज के समय में, एक ओर जहाँ बहुत से राजनीतिक दल अपने वोट बैंक की खातिर इन बाबाओं को संरक्षण देकर इन्हें ताकतवर बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इन बाबाओं के देश और समाज विरोधी कारनामों का लगातार भंडाफोड़ हो रहा है। राजनीतिक संरक्षण के चलते इन ढ़ोंगी बाबाओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है और ये बच निकलते हैं। ऐसे बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई तभी की जाती है जब राजनीतिक दलों को भी इनसे खतरा सताने लगता है। वास्तव में, धर्म की आड़ में ये स्वयंभू धार्मिक प्रचारक देश की एकता और अखंडता को बार-बार चुनौती दे रहे हैं।

## कविता

### नवजात को नया आकाश दो

इनकी छोटी-छोटी हथेलियों में,
पूरे ब्रह्मांड को समा जाने दो,
संपूर्ण संभावना के साथ
पैदा हुआ नवजात,
एक नन्हा पंछी तो है।
आंखों में भविष्य के सपने
जल की निश्छलता,
सूरज की किरणों की ताजगी,
चंद्रमा की स्निग्धतता,
सागर की गहराई और
गंभीरता लिए हुए
इन मासूमों को
आकाश की अनंत ऊंचाइयों दो, इनकी नन्ही
छोटी आंखों में
अपनी आकांक्षाएं,
अपनी जिद,
अपना अहम मत लादिए,
इन्हें गगनचुंबी ऊंचाइयों की आशाओं के दीप
जलाने दो,
यह नन्हें ही ब्रह्म है,
ब्रह्मांड हैं, और ईश्वर है,
इन्हें न रोकिए ना
टोकिए ,
इनके छोटे-छोटे होठों में
सच्चाई के गीत गाने दो,
इनकी निर्दोष आंखों में
कल का सूरज चंदा
और सितारा चमकने दो

संजीव

## कितने आधुनिक और कितने परंपरावादी?

**संजीव ठाकुर**

**कितने** आधुनिक और कितने परंपरावादी हैं हम,त्रिशंकु बनकर लटक रहे हैं' भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है।

## विचार

# कांग्रेस में एमपी, राजस्थान जैसा डर कायम रहेगा!

**अशोक भाटिया**

**कांग्रेस ने** कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री का नाम फाइनल कर ही लिया है। सिद्धारमैया ही कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री होंगे। डीके शिवकुमार को डिप्टी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। लोकसभा चुनाव तक शिवकुमार कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष भी बने रहेंगे। 20 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। थोडा सा हम 6 दिनों से चल रहा घटनाक्रम पर ध्यान दे तो 13 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आए। कांग्रेस ने 135 सीटों पर जीत हासिल की। 14 मई को कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसमें पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से भेजे गए तीन पर्यवेक्षक भी मौजूद थे। बताया जाता है कि बड़ी संख्या में विधायकों ने इसी बैठक में सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपना समर्थन दे दिया था। हालांकि, बैठक में एक लाइन में प्रस्ताव पास कराया गया कि मुख्यमंत्री पर फैसला मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। 15 मई को तीनों पर्यवेक्षक दिल्ली पहुंचे और उन्होंने अपनी रिपोर्ट खरगे को दी। पार्टी ने उसी दिन डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया को दिल्ली बुलाया। सिद्धारमैया दोपहर तक पहुंच गए, लेकिन डीके शिवकुमार जन्मदिन होने की वजह से दिल्ली नहीं पहुंचे। अगले दिन यानी 16 मई को डीके शिवकुमार भी दिल्ली पहुंचे। इसी दिन खरगे के आवास पर कांग्रेस के बड़े नेताओं की बैठक हुई। राहुल गांधी भी इसमें शामिल हुए। इसके बाद खरगे और राहुल ने अलग-अलग शिवकुमार और सिद्धारमैया से बात की, लेकिन कुछ बात नहीं बनी। 17 मई का दिन सबके लिए काफी अहम रहा। इस दिन कई राउंड की बैठकें हुईं। राहुल गांधी ने अपने आवास पर केंद्रीय पर्यवेक्षक भंवर जितेंद्र सिंह, केसी वेणुगोपाल, सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। वहीं, कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और बाद में केंद्रीय पर्यवेक्षक सुशील शिंदे के साथ मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक की। खरगे ने फोन पर सोनिया गांधी से बात की। बाद में सोनिया ने डीके शिवकुमार को खरगे और राहुल से मिलने के लिए कहा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राहुल ने सोनिया गांधी से बात भी कराई। इसके बाद डीके शिवकुमार उप-मुख्यमंत्री पद के लिए मान गए। साथ में उन्हें अध्यक्ष पद पर बने रहने को भी कहा गया। 18 मई की दोपहर 12:30 बजे कांग्रेस ने सिद्धारमैया को सीएम, डीके शिवकुमार को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाने का आधिकारिक एलान कर दिया। सूत्रों के अनुसार, सिद्धारमैया को अभी दो साल के लिए मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। इसके बाद कर्नाटक की कमान डीके शिवकुमार को दे दी जाएगी। लेकिन इस बीच पावर क्लैश होना आम होगा। सिद्धारमैया नहीं चाहेंगे कि उनपर डीके शिवकुमार किसी भी तरह से भारी पड़ें और शिवकुमार सिद्धारमैया को खुद से आगे जाने नहीं देना चाहेंगे। ऐसे में इन दो साल के अंदर खुलकर जंग हो सकती है। इसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। अगर ये जंग अभी से शुरू हो गई तो आने वाले लोकसभा चुनाव पर इसका भारी असर पड़ सकता है। कर्नाटक में जिस तरह से मुख्यमंत्री पद को लेकर लंबी माथापच्ची के बाद सिद्धारमैया पर मुहर लगी, उसे लेकर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि पार्टी ने डीके शिवकुमार को कर्नाटक कांग्रेस की जिम्मेदारी थी। उन्हें कई मौकों पर पार्टी के 'संकटमोचक' के तौर पाया गया। फिर जब कर्नाटक पीसीसी चीफ की जिम्मेदारी मिली तो उन्होंने इसे भी बखूबी निभाया। पार्टी ने उनके नेतृत्व में शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद ये माना जा रहा था कि आलाकमान उन्हें ही मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी देगा। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस में सिर्फ मुख्यमंत्री और डिप्टी मुख्यमंत्री के लिए नहीं, बल्कि मंत्रिपद के लिए भी जोर आजमाइश होगी। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों ही गुट के विधायक खुद को मंत्री पद पर देखना चाहेंगे। उधर, दिग्गज नेता और पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री जी परमेश्वर ने भी अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। उन्होंने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और शिवकुमार को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद कहा कि इससे दलित समुदाय आहत हुआ है। कर्नाटक में दलित मुख्यमंत्री की डिमांड ज्यादा थी। मैं भी सरकार चला सकता था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# किरण रिजिजू अपनी राजनीति का खुद ही शिकार तो नही

**ऋतुपर्ण दवे**

**क्या** केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू को उनके बड़बोले पन के चलते हटाया गया? क्या किरण रिजिजू को रिटायर्ड जजों पर उस टिप्पणी के चलते हटाया गया जो एक निजी चैनल के कॉनक्लेव के दौरान कहे थे?क्या रिजिजू यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू को देश भर में लागू कराने में असफल रहे? क्या रिजिजू के बयानों से कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका के बीच नई जंग तो नहीं शुरू होने लगी? ये वो सवाल हैं जो देश के कानून मंत्री रहते हुए किरण रिजिजू को घेरते जा रहे थे। इसकी शुरूआत उस बयान से हुई जो उन्होंने एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश पर उठाते हुए कहा था कि रिटायर्ड जज और एक्टिविस्ट भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा बनकरकोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षकी भूमिका निभाए। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित कॉलेजियम प्रणाली की भी जमकर आलोचना की थी और कहा था कि यह कांग्रेस पार्टी के दुस्साहस का परिणाम है। जजों की नियुक्ति में इस प्रणाली को अपारदर्शी बताया तो कभी संविधान से अलग वो प्रणाली बताई जो दुनिया में अकेली है और जजों को अपने चहेतों को नियुक्त करने का मौका देती है।मामला उस समय और सुर्खियों में आ गया जब इसी कॉनक्लेव में भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कॉलेजियम प्रणाली का न केवल बचाव किया बल्कि यहां तक कह दिया कि हर प्रणाली दोष से मुक्त नहीं है। लेकिन कॉलेजियम सबसे अच्छी प्रणाली है जिसे हमने ही विकसित किया है। जिसका उद्देश्य न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना है जो एक बुनियादी मूल्य भी है। उनके बयानों को लेकर देश में काफी हो हल्ला मचा था। समर्थन और विरोध में खेमेबाजी भी हुई। कई वकीलों और संगठनों ने कहा कि एक मंत्री का ऐसे बयान देना जो कानून मंत्री भी होशोभा नहीं देता। एक ओर रिजिजू अपने समर्थन में किए गए ट्वीट को रिट्वीट करते रहे जबकि देश के ९० पूर्व नौकरशाहों ने खुली चिट्ठी लिखकर यह तर्क दिया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखने खातिर कोई समझौता नहीं हो सकता।

## कुछ तो कीजिए

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कन्वर्टर** मतलब बदलने वाला। बदलना भी दो तरीकों से होता है। पहला या तो छोटी रेखा के आगे बड़ी रेखा खींच दो। या फिर बड़ी रेखा को इतना मिटा दो कि वह छोटी रेखा से भी छोटी दिखने लगे। पहले वाले तरीके में सृजन करना पड़ाता है जो कि बड़ी मेहनत का काम है। दूसरे तरीके में मिटाना पड़ता है। जो कि बड़ा आसान है। पहले हमारे साधु जन अपने गेरुवाई चोले में अपनी गुरुवाई रखते थे। आज के साधु ऊपर से गेरुवाई और अंदर से अलग-अलग दल बदलने के गेयर रखते हैं, कब जाने कौनसा गेयर बदलना पड़ जाए। पहले के गुरु कन्वर्टर का काम करते थे। शैतान को इंसान बनाने में जीवन खपा देते थे। आज के गुरु इन्वर्टर की तरह है। शैतान बन चुके समाज कहीं इंसान न घुस आए इसके लिए आए दिन कुछ न कुछ अजीबोगरीब प्रवाच का उवाच अबाध रूप से उंडेलते रहते हैं। चंचलता मन का लक्षण है। इसलिए मन की बात चंचलता की पराकाष्ठा होती है। आज के युग में यंत्रों का इस्तेमाल अधिक हो रहा है, चूंकि इसमें मन नहीं होता इसलिए यह मन की बात छोड़ सभी काम करता है। या यूँ कहें कि यह सिर्फ और सिर्फ काम करता है। इसे कहते हैं बदलाव। इसी तरह का एक बदलाव हमारे गोबर गणेश ने कर दिखाया। उनके पेट में गजब की गैस भरी रहती है। जब चाहा जैसे चाहा फलां को सुंघा दी। यदि कोई उनसे उनके गैस रिसाव के बारे में कुछ कह देता तो वे झाड़ने लगते झ्र पेट में गैस रहने और रखने में बड़ा फर्क है। रहना मजबूरी है, जबकि रखना व्यापार। एक आदमी कितनी गैस बना पाएगा ये इस बात पर डिपेंड करता है कि उसे किस बात पर कितनी गैस बनती है। आम आदमी खुद इतना हल्का होता है कि उसमें और गैस में कोई फर्क ही नहीं रहता। एक फुर्सतिया जिसकी न्यूज चैनलों पर धार्मिक डिबेट देखकर गैस बनती है उसका सिलेंडर एक घंटे में भर जाता है। जिनको क्रिकेट मैच देखकर सट्टा लगाने से गैस बनती है उनका सिलेंडर भी मैच वाले दिन ही भर जाता है। और जो लोग इनमें से कोई काम नहीं करते उनके पेट में गैस बनाने के लिए हम उन्हें सस्ते रेट पर मूली के परांठे और छोले भटूरे खिलाएंगे। आखिर में गोबर गणेश ने अपने वाट्सप यूनिवर्सिटी ऑफ लल्लनगंज की रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि आंकड़े बताते हैं कि मूली के दो परांठे खाने के बाद आम आदमी रसोई गैस के तीन सिलेंडर भर सकता है।

# युवा शक्ति ने मनाया अपने गांव का 735वां जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महान** शिक्षाविद् भक्त फूल के पैतृक गांव माहरा का 735 (1288 ईसवी ) वा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। युवा शक्ति संगठन माहरा की टीम द्वारा स्थापना दिवस को शिक्षा प्रतिभा व बुजुर्ग सम्मान दिवस के रूप में गांव के स्कूल में मनाया गया । जिसमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक पहले,दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित कर उन्हे भविष्य के लिए और लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही माहरा गांव की सबसे बुजुर्ग व्यक्तियों को पगड़ी और सम्मान चिन्ह एक शील्ड दे कर सम्मानित किया।।गांव के इतिहास के बारे में बेगपाल ने बताया की माहरा गांव को 18 मई 1288 ईसवी को दादा माहराम मलिक ने गांव मोखरा से आके बसाया था। आज गांव की आबादी 5 हजार है।

गांव के प्रमुख व्यक्तियों में महिला शिक्षा की अलख जगाने के लिए

**▶▶संस्था को स्थापित करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले लाला जयकिशन भी माहरा गांव से थे**

अपनी सारी संपत्ति दान कर पहला गुरुकुल गांव भैंसवाल कलां और खानपुर कलां में खोला था।जो आज उत्तर भारत की पहली सबसे बड़ी भक्त फूल सिंह महिला विश्विद्यालय में स्थापित हो चुकी है। वहीं सोनीपत में हिंदू शिक्षण संस्था को स्थापित करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले लाला जयकिशन भी माहरा गांव से थे।आज हिंदू शिक्षण संस्था शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में अग्रणी संस्थाओं में शुमार है।

गांव के ही सूबे सिंह मलिक को गैलंट्री अवॉर्ड मिल चुका है।वहीं दादा सूंडू पंचायती,दानी महाल पहलवान भी अपने जमाने में खासे चर्चित रहे है। सुप्रीम कोर्ट के प्रख्यात एडवोकेट अरुण भारद्वाज भी गांव माहरा से तालुक रखते है।

इसके साथ ही पर्यावरण,और अन्य सामाजिक कार्यों में गांव माहरा के ग्रामीण अग्रणी भूमिका निभाते है। युवा शक्ति संगठन माहरा की इस अनूठी पहल को ग्रामीणों ने सराहनीय कदम बताया।।

इस अवसर पर मास्टर जयविंद्र, प्रिंसिपल आरती चहल ,संदीप मलिक, पवन आर्य ,डॉक्टर सत नारायण ,सरपंच पवन माहरा,बृजमोहन भारद्वाज,संदीप मलिक फौजी,राकेश भारद्वाज,रविंद्र भारद्वाज,ईश्वर मलिक,शंभू दयाल मास्टर,दिलबाग,हरफूल, खुशीराम मौजूद रहे।

# यौन उत्पीड़न के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सीआईटीयू ने सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**यौन उत्पीड़न के** आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण व हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह को गिरफ़्तार करने की मांग को लेकर जनसंगठनों ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व अलग-अलग संगठनों की तीन महिला नेताओ राज कुमारी, सर्वजीत कोर व अंजली ने किया। सीआईटीयू के बैनर के नीचे विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता बस स्टैंड से महिला विरोधी भाजपा सरकार मुदार्बाद तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांगों के नारों के साथ एसडीएम दफ्तर पहुंचे। सीआईटीयू नेता सतीश सेठी ने प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दावा करने वाली भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार बेटियों के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने की बजाए उनको बचाया जा रहा है। सीआईटीयू नेता बाबू राम व रमेश नन्हेड़ा ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर बृज भूषण शरण सिंह सांसद के खिलाफ पोस्को एक्ट में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी वह खुले में घूम रहा है। इसी प्रकार प्रदेश के मंत्री के खिलाफ भी योन उत्पीड़न की धाराओ में एफआईआर दर्ज है। परंतु गिरफ्तारी तो दूर की बात वह अभी तक मंत्री पद पर बने हुए है। मिड-डे-मील वर्कर यूनियन की नेता नाजरा व आशा वर्कर यूनियन की नेता नीरज ने कहा कि खेल में गोल्ड मेडल लाने वाली खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं बहुत ही शर्मनाक है। ऊपर से सरकारों द्वारा भाजपा नेताओं को बचाने से दुनिया भर में किरकिरी हो रही है। ज्ञापन में भाजपा सांसद बृज भूषण शरण व हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह को तुरन्त गिरफ्तार करने। पीड़ितों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान कर अपनी बात कहने के लिए सुरक्षित व सवेंदनशील वातावरण उपलब्ध करवाने की मांग की गई।

प्रदर्शन में आशा वर्कर यूनियन, मिड डे मील वर्कर यूनियन, ग्रामीण चौकीदार सभा, पेंशनर्ज एसोसिएशन, सर्व कर्मचारी संघ व छात्र सँघर्ष मंच के कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन को उक्त के इलावा संयुक्त किसान मोर्चा से कामरेड टेकचंद व संजीव नेहरा, आशा वर्कर यूनियन से शर्मिला व सुनीता, मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन से परमजीत व बबली, ग्रामीण चौकीदार सभा से रमेश व माया राम , छात्र सँघर्ष मंच से अजय व अभिषेक, पेंशनर्ज एसोसिएशन से राम नाथ धीमान, सीआईटीयू से बृजमोहन व बरखा राम एवं एसकेएस से सतनाम सिंह, अरुण कुमार व विवेक ने भी सम्बोधित किया।

## न्यूज फ्लैश

### सड़कों की मरम्मत के समय वैकल्पिक रास्ते का होना जरूरी: जयवीर गहलावत

**सोनीपत: सोनीपत** के विकास को गति देने के लिए नगर निगम ,पी. डब्लू . डी एवं हुडा डिपार्टमेंट द्वारा शहर में लगातार सड़कों के निर्माण एवं टूटी सड़कों के मरम्मत का कार्य होता रहता हैं । सामान्यत: शहर में बारिश के दिनों में पूरे शहर में जाम की स्थिति बन जाती हैं। इस बार मौसम में अनिश्चितता देखी जा रही हैं जिसके कारण शहर का यातायात लगातार प्रभावित हो रहा है। इस मुद्दे पर मानव अधिकार सरंक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि इस तरह की परिस्थितियों के उदाहरण जटवाड़ा एवं मुरथल रोड के मरम्मत कार्य के समय देखें गए। यह रॉड शहर के मुख्य मार्गो मे से एक है , इनके निर्माण के समय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था प्रशासन के द्वारा नही की गई । जिस कारण से जनता को कई तरह की परेशानियों का सामना पड़ा था । मानव अधिकार सरंक्षण संघ कि जिला प्रशासन से मांग हैं कि जिन सड़कों पर मरम्मत का कार्य हो रहा हैं , उनके लिए वैकल्पिक रास्ते का निर्माण अवश्य बनवाये जाएं । इन रास्तों से यातायात सामान्य रहेगा और सड़कों के मरम्मत का कार्य भी अच्छे तरीके से हो पायेगा ।अगर प्रशासन द्वारा वैकल्पिक रास्ते के विषयों को गंभीरता से लिया जाता हैं तो यह शहर के यातायात के लिए एक वरदान साबित होगा ।

### डॉ० बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए 30 मई तक जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में करवाएं जमा

**सोनीपत: जिला** कल्याण अधिकारी राजबीर शर्मा ने बताया कि जिले के जिन छात्र-छात्राओं ने डॉ० बीआर अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2022-23 के लिए आवेदन किए थे, उनमें बहुत सारे ऐसे आवेदन मिले है जिनके दस्तावेज अधूरे मिले है। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी आवेदकों के पास कार्यालय द्वारा उनके दूरभाष नंबर व ऑनलाईन पोर्टल पर मैसेज भेजा गया है कि वे अपने वांचित दस्तावेज जैसे आय प्रमाण पत्र, मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र और वर्तमान कक्षा का आई कार्ड आदि 30 मई तक जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि 30 मई के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### पंचनद शोध संस्थान हरियाणा प्रांत के सोनीपत केंद्र की हुई बैठक

**सोनीपत: पंचनद शोध** संस्थान, हरियाणा प्रांत के सोनीपत केंद्र की कार्यकर्ता बैठक इंसटेंट एडमिशन मॉडल टाउन सोनीपत में हुई। बैठक में पंचनद शोध संस्थान के निदेशक माननीय डॉ. कृष्ण चंद्र पांडेय का मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त हुआ।



सोनीपत केंद्र के डॉ सतीश राणा ने बैठक आरम्भ करते हुए बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं का स्वागत किया और बैठक के लिए निर्धारित बिन्दुओं को बताया।

सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं का परिचय कराया और बैठक की भूमिका रखी। पंचनद शोध संस्थान के निदेशक डॉ कृष्ण चंद्र पांडेय मुख्य अतिथि रहे एवं पंचनद शोध संस्थान के शोध प्रमुख डॉ दयानन्द कादयान ने अध्यक्षता की । डॉ दयानन्द कादयान ने कहा कि पंचनद शोध संस्थान प्रमुखता से शोध कार्य करता है। किसी भी घटना या विषय पर रिसर्च कर तथ्यों के साथ उसकी तह तक जाया जाता है ताकि लोगों तक उस घटना की वास्तविक जानकारी पहुँच सके। उन्होने कहा कि दुनिया भर के अफवाह के बाजार में सही जानकारी मिलना बहुत मुश्किल हो गया इसलिए पंचनद शोध संस्थान रिसर्च कर लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इस मौके पर गुरिन्द्र कौर, डॉ मंजु शर्मा, निशा, हेमलता, प्रिंस, डॉ सतीश कुमार, नाडुगोपाल मंडल, पवन सैनी, डॉ परवीन शर्मा, अमित कुमार, अजय शर्मा, अजित सिंह, अंकित, गुलाब सिंह मौजूद रहे।

# 'शनिदेव की उपासना करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**शनिदेव की** उपासना करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है, पूर्व में किए गए कर्मों का फल भाग्य के रूप में सामने आता है और वर्तमान में किए गए सही कर्म भविष्य बनाते हैं। शनिदेव न्याय के देवता हैं, सभी का कर्मों अनुसार न्याय करते हैं, जबकि कई बार हमें लगता है कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है।

उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने शनिदेव जयंती के अवसर पर पुरखास अड्डा स्थित प्राचीन शनि मंदिर, नरायणी माता मंदिर, गांव अहमदपुर, इन्द्रा कालोनी एवं मोहल्ला कोट में पहुंचकर शनि भक्तों को बधाई दी और पूजा अर्चना करते हुए सभी श्रद्धालुओं पर कृपा बरसाने की याचना की। मंदिर समितियों की तरफ से भाजपा नेता का माल्यापर्ण एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

राजीव जैन ने कहा कि संपूर्ण ग्रहों में शनि देव सबसे सर्वश्रेष्ठ ग्रह है और शनि के बताये अनुसार किए गये उपाय से व्यक्ति को संघषो से मुक्ति मिल जाती है।

उन्होंने कहा कि शनि जन्मोत्सव अतिविशिष्ट पर्व है और दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदलने का अवसर प्रदान करते हैं। इसलिए शनि देव भगवान की पूजा हमें पूरे विधि विधान, ध्यान एवं साफ सफाई का ख्याल रखते हुए करनी चाहिए।

इस अवसर पर महेन्द्र, करतार सिंह, ओमप्रकाश, नंदकिशोर, लेखराम, राम निवास, कृष्ण, चिंरजीलाल नम्बरार, संजीव वलेचा, इंदु वलेचा, सीमा गोयल, किरण बाला, जोगेन्द्र गोयल, राम गोयल, मानसी गोयल, साहिल गोयल, सोनू कालरा, सुनीता, अरुण, मीनू सैनी, स्वामी दयानंद सरस्वती जी महाराज, आचार्य श्री लक्ष्मीनारायण शुक्ला, पं0 धर्मचंद, साधुराम, देवाराम, कालूराम, लक्ष्मनदास ठकराल, अमित, पवन, प्रवेश आदि सैंकड़ों शनि के भक्त उपस्थित रहे।

# जीवीएम की गीतांजलि ने बनाई टॉप-13 में जगह



**टीम एक्शन इंडिया/**
**दयाल** सिंह कालेज करनाल में संपन्न हुई राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा गीतांजलि ने सातवां स्थान हासिल करते हुए टॉप-13 में जगह बनाई, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र सहित 4000 रुपये की पुरस्कार राशि से सुशोभित किया गया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने गीतांजलि को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जीवीएम के विज्ञान संकाय की डीन एवं बोटनी विभागाध्यक्ष डा. रश्मि जावा ने बताया कि हरियाणा स्टेट काउंसिल फोर साइंस इनोवेशन एंड टैक्नॉलोजी के संयोजन में दयाल सिंह कालेज करनाल में 16 फरवरी, 2023 को राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें जीवीएम की बीएससी तृतीय वर्ष मेडिकल की छात्रा गीतांजलि भी शामिल रही।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में स्पिक मैके कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के प्रांगण मे स्पिक मैके के सौजन्य से कथक कार्यक्रम का आयोजन किया गया क विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथक नर्तक संजीव गंगानी का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया व संगीत की अध्यापिका मंजीत व अध्यापक दिनेश ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया कदीप प्रज्जवलन करते हुए डी ए वी गान से कार्यक्रम आरम्भ हुआ कसंजीव गंगानी जी विश्व विख्यात कथक नृत्य राजेन्द्र गंगानी के सुपुत्र है तथा जयपुर घराने से है कभारतीय लोक कला को बढ़ावा देने के लिए वह इस प्रकार के कार्यक्रम मे मुख्य भूमिका निभा रहे है ककला भारतीय संस्कृति की पहचान है इसे सजीव रखने के लिए इस प्रकार के कलाकार छात्रों के अन्दर कला के प्रति रूचि उत्पन्न करते है कउन्होंने मंच पर अपनी भावनाओं के द्वारा सभी छात्राओं को आमंत्रित करते हुए नृत्य के गुर सिखाये कउन्होंने बताया कि नृत्य व गीत मिलकर संगीत बनता है।

# पार्किंग को लेकर मुलाना में विवाद, 2 छात्रों पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** की मुलाना यूनिवर्सिटी में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में छात्र के गुट ने एग्जाम दे रहे 2 स्टूडेंट्स पर हमला बोल दिया। हथियारों से लैस हमलावरों ने मैडम के आगे ही दोनों स्टूडेंट की पिटाई भी की। वारदात कैंपस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। हमले में घायल हुए स्टूडेंट्स ने मुलाना थाना पुलिस को शिकायत सौंप कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने 3 आरोपियों को नामजद करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कोडवा खुर्द निवासी युवक ने बताया कि वह महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना यडडन्द्ध से लॉ कर रहा है।

# आसपास के वातावरण को सकारात्मकता से भर देना होगा जहां हो जरूरी उसे तो बदलना ही होगा: अनिल मलिक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बाल किशोरों की** मनोवैज्ञानिक प्रेरणा शक्ति जगा कर जीवन लक्ष्य की ओर अग्रसर करने के लिए उचित मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से करीब 05 वर्ष पहले शुरू की गई हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्रों की स्थापना के अंतर्गत आज सोनीपत जिले के 19वें तथा राज्य के 153वें मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र की स्थापना आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा चौक प्रांगण में करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी, अनिल मलिक ने कहा कि सहज, सुखद, मैत्रीपूर्ण अभिव्यक्ति की आजादी का वातावरण निर्मित करके उम्र और समझ अनुसार भविष्य जीवन हेतु नतीजा गत उचित मार्गदर्शन किया जा सकता है ' इस अवसर पर स्वस्थ व्यवहारिक सहायक सामाजिक परिवेश के माध्यम से बाल सुरक्षा विषय पर उपस्थित किशोर छात्राओं व शिक्षकों को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए अनिल मलिक ने कहा कि हमारा व्यक्तित्व अनुवांशिकता और सामाजिक वातावरण की अंतः क्रिया का ही परिणाम है ' जैविक परिस्थितियां चाहे कैसी भी रही हो हमें प्रयास करके अपने परिवेश को सुधारना होगा संगति - कुसंगति का ध्यान करके भविष्य को संवारना होगा ' सामाजिक परिस्थितियों को समझे तो बाल शोषण की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ रही हैं तुलनात्मक रूप से बेटियों के लिए शारीरिक, भावनात्मक, व्यावहारिक, आर्थिक व सामाजिक चुनौतियां कुछ ज्यादा ही हैं लेकिन यह भी सच है कि कुदरत ने संघर्ष और पीड़ा सहने की शक्ति भी महिलाओं को अधिक दी है।

# पद्म पुरस्कारों के लिए 15 सितंबर तक करें ऑनलाईन आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त ललित** सिवाच ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन एक मई 2023 से शुरू हो चुके हैं और नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2023 है। उन्होंने बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ँ३३स्र२://६१रि.ङ्ग५.ल्ल पर ही ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोडकर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

# अंदरूनी अशुद्धिनाशक है भस्त्रिका प्राणायाम: हरज्ञान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**लक्ष्य स्वस्थ** सोनीपत समिति द्वारा नवम विश्व योग दिवस की तैयारियां सोनीपत जिले के भैंसवाल कलां के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ की गई। विद्यालय के प्राचार्य बलजीत सिंह गहलावत व उनके सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय में पहुंचने पर समिति सदस्यों का स्वागत किया। समिति के संस्थापक कोषाध्यक्ष योगाचार्य व प्राकृतिक चिकित्सक हरज्ञान सिंह आर्य ने छात्राओं को भस्त्रिका,कपालभाति, अनुलोमविलोम,शीतली,सीत्कारी आदि प्राणायामों का अभ्यास करवाते हुए उनसे होने वाले लाभों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से भस्त्रिका प्राणायाम करने से शरीर के अंदर उपस्थित अशुद्धियों को दूर करता है। तनाव, फेफड़ों के रोग जैसे दमा, क्षय रोग, खांसी,नजला,जुकाम आदि से छुटकारा मिलता है। कपालभाति से मोटापा,मधुमेह,पथरी, तथा अनुलोमविलोम प्राणायाम से हृदय संबंधी रोग जैसे निम्न व उच्च रक्तचाप,अवसाद,तनाव आदि रोगों से बचाव हो कर विद्यार्थियों का शरीर नीरोगी रहता है जिसके परिणामस्वरूप पढ़ाई में खूब मन लगता है। उन्होंने छात्राओं से फास्ट फूड न खाने और कोल्ड ड्रिंक न पीने का आग्रह भी किया। जलनेति की विधि का प्रदर्शन कर बताया कि इससे आंखों के रोग,मस्तिष्क के रोग जैसे माइग्रेन आदि में विशेष लाभ होता है। समिति सदस्य सतवीर गौतम ने छात्राओं को हिंदी भाषा का महत्व बताते हुए कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व हिंदी भाषा का जन्म आर्य भाषा संस्कृत भाषा की कोख से हुआ है। समिति के मीडिया प्रभारी रणसिंह राणा ने बताया कि समिति अब लगातार जिले के विभिन्न पार्कों,सामुदायिक भवनों,स्कूल,कॉलेजों में 21 जून 2023 को पूरे विश्व में मनाए जाने वाले नवम विश्व योग दिवस की तैयारियां करवाएगी।

# योग सेवा संगठन द्वारा अमावस्या पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**निश्वार्थ** योग सेवा संगठन रजि अम्बाला कैन्ट के सदस्यों ने अमावस्या पर सुभाष पार्क के सामने बी पी एस प्लेनेटोरियम मंदिर में खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

योगाचार्य राकेश वर्मा ने बताया कि संगठन हर महीने अमावस्या पर सभी सदस्यों के सहयोग से पार्क के सामने खीर के प्रसाद का वितरण करते हैं । राकेश वर्मा ने बताया के निश्वार्थ योग सेवा संगठन के सदस्य सुबह 5 बजे बी पी एस प्लेनेटोरियम के मंदिर में पूजा करके उसके बाद सुभाष पार्क में लगभग 90 सदस्य योग करते हैं प्रसाद वितरण में सुरिंदर राजू शर्मा, अशोक सिंगला, सुरिंदर सिंगला, अनिल धीमान,देवी दयाल,सुभाष धीमान, लवली धीमान,सुरिंदर मल्होत्रा, सुशील गुप्ता,बसंत कुमार,ओर अन्य सदस्य माजूद रहे।

# मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर किसान नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अखिल** भारतीय किसान यूनियन के बैनर के नीचे किसानों ने एक मांग पत्र देकर एस डी एम नारायणगढ़ से न्याय की गुहार लगाई है। किसानों ने पत्र में कहा कि शुगर मिल के अधिकारियों द्वारा 750 किसानों के नाम वर्ष 2013-14 में करोड़ों रुपये का कर्ज लिया गया था जिसका शुगर मिल में कोई रिकार्ड नहीं है जिस कारण उसका ऑडिट भी नही हुआ है जोकि पूर्णरूप से बहुत बड़ा फजीवाड़ा है । जिसकी शिकायत थाना शहजादपुर में भी की गई थी तथा पुलिस द्वारा कोई करवाई न किये जाने पर बहुत संघर्ष के बाद एस एस पी के हस्तक्षेप से 11 अक्टूबर 2022 को एफ आई आर नम्बर 242 दर्ज की गई थी । किसानों का कहना है कि वह पहले भी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करता आए है, उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में तीनों कृषि कानूनों को लेकर दिल्ली सहित अन्य स्थानों पर प्रदर्शन किया गया। जिसमें देश के लाखों लोगों ने उनका समर्थन भी किया। यहां तक की जब टोल फ्री करवांए गए तो इसका फायदा विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ताओं को भी मिला।

# एलजी-सरकार के बीच रार बरकरार

## दिल्ली सरकार के भेजे गए प्रस्ताव पर अभी तक फैसला नहीं, मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी को लिखा पत्र





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर उनसे अधिकारियों के तबादले संबंधी प्रस्तावों को जल्द से जल्द मंजूरी देने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार में सर्विसेज को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश आने के बाद सेवा विभाग के सचिव आशीष मोरे को हटाने तथा सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाई वी राजशेखर के तबादले को लेकर दिल्ली सरकार ने एलजी को भेज गए प्रस्ताव पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। एलजी को लिखे पत्र में सौरभ भारद्वाज ने फिर दोहराया है कि सर्विसेस (अधिकारियों के तबादले व पोस्टिंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद एलजी सरकार के फैसले को मानने के लिए बाध्य हैं, इसलिए उन्हें जल्दी इन प्रस्तावों को मंजूरी दे देनी चाहिए। दिल्ली सरकार में गत एक सप्ताह के दौरान अधिकारियों और मंत्रियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने बीते गुरुवार को आदेश दिया था कि दिल्ली सरकार के पास सर्विसेस का अधिकार है। दिल्ली सरकार के पास इसकी विधायी और कार्यकारी शक्तियां हैं, एलजी इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। 11 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद ही सेवा विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आईएएस अधिकारी आशीष मोरे को सेवा विभाग के सचिव पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया था, लेकिन आशीष अप्रत्याशित रूप से अपने दफ्तर से चले गए और अपना फोन बंद कर दिया था। दो दिन बाद मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जब उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया तो वह दिल्ली सचिवालय पहुंचे।
सौरभ भारद्वाज ने आशीष मोरे की जगह आईएएस अधिकारी एके सिंह को नियुक्त किया था लेकिन अभी तक यह दोनों आदेश लागू नहीं हुए है। यह प्रस्ताव उपराज्यपाल के पास विचाराधीन है।

### खींचतान

● सर्विसेस के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद एलजी सरकार के फैसले को मानने के लिए बाध्य हैं

### क्या सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने की साज़िश...',



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार और एलजी के बीच तनातनी के दौर के बीच सीएम केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने जा रही है। एलजी साहिब सुप्रीम कोर्ट के आदेश क्यों नहीं मान रहे? दो दिन से सर्विसेज सेक्रेटरी की फाइल साइन क्यों नहीं की?कहा जा रहा है कि केंद्र अगले हफ़्ते आर्डिनेंस लाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने वाली है? क्या केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने की साज़िश कर रही है? क्या एलजी साहिब आर्डिनेंस का इंतजार कर रहे।
"एलजी यही ट्वीट गोपाल राय की तरफ से भी किया गया है। बता दें कि दिल्ली सरकार के कई मंत्री राजनिवास भी पहुंच रहे हैं। सभी मंत्री एलजी हाउस पहुंचकर सवाल करेंगे कि एलजी सुप्रीम कोर्ट के आदेश क्यों नहीं मान रहे।

# मनीष सिसोदिया ने जेल से फिर लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली का** सियासी पारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फिर से बढ़ा दिया। उन्होंने सुबह करीब साढ़े दस बजे के करीब 'जेल से मनीष सिसोदिया की चिट्ठी देश के नाम' की शीर्षक वाला एक पत्र ट्विटर पर साझा किया। जिसमें बिना किसी का नाम लिए उन्होंने केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चिट्ठी साझा करते हुए लिखा, 'जेल से मनीष जी का पत्र'। साझा की गई चिट्ठी में लिखा है कि 'अगर, हर गरीब को मिली किताब तो, नफरत की आंधी कौन फैलाएगा। सबके हाथों को मिल गया काम, तो सड़कों पर तलवार कौन लहराएगा। अगर पढ़ गया, हर गरीब का बच्चा तो चौथी पास राजा का, राजमहल हिल जाएगा। अगर हर किसी को मिल गई अच्छी शिक्षा और समझ, तो इनका व्हाट्सएप का विश्वविद्यालय बंद हो जाएगा। पढ़े लिखे और समझदारी की बुनियाद पर खड़े समाज को, कोई कैसे, कौमी नफरत के माया जाल में फंसाएगा। अगर पढ़ गया एक–एक गरीब का बच्चा तो चौथी पास राजा का राजमहल हिल जाएगा'। आगे सिसोदिया ने पत्र में लिखा है 'अगर पढ़ गया समाज का हर बच्चा, तो तुम्हारी चालाकियों और कुनीतियों पे सवाल उठाएगा। अगर गरीब को मिली कलम की ताकत, तो वो अपने 'मन की बात' सुनाएगा। अगर पढ़ गया एक–एक गरीब का बच्चा, तो चौथी पास राजा का, राजमहल हिल जाएगा।

# आतंकी अर्शदीप के दो सहयोगियों को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कनाडा में रह रहे घोषित आतंकी अर्शदीप सिंह डल्ला के लिए हिंसा, तस्करी और जबरन उगाही में शामिल दो लोगों को गिफ्तार कर लिया। इनकी पहचान अमृतपाल और अमृतक सिंह के रूप में हुई है और दोनों मलीना (फिलीपींस) में रह रहे थे। वे दोनों देश में प्रतिबंधित सगंठनों की हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इनके खिलाफ दिल्ली की एनआईए अदालत



गैर-जमानती वारंट जारी कर चुकी है। इनके खिलाफ पंजाब में कई मामले दर्ज हैं। दोनों भारत में आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के लिए फंड जुटाने के इरादे से आये थे। वे वांछित अपराधी मनप्रीत सिंह के साथ मिलकर पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी और देश में जबरन धन उगाही में शामिल थे। एनआईए ने पिछले साल 20 अगस्त को इनके खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था।

### सख्ती

● गैर–कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था

# पहलवानों के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचे पायलट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजस्थान** कांग्रेस के नेता सचिन पायलट शुक्रवार को पहलवानों को अपना समर्थन देने के लिये दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचे। पहलवान पिछले काफी दिनों से जंतर-मंतर पर कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन में समय-समय पर विपक्ष के कई नेता भाग लेने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में सचिन पायलट भी शुक्रवार को यहां पहुंचे। पायलट ने धरनारत पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। पहलवानों की मांग है कि बृजभूषण शरण सिंह को यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया जाए।



*केजरीवाल सरकार के दिल्ली को जाममुक्त बनाने के विजन के तहत, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग व राजा गार्डन के बीच बन रहे 2 नए फ़्लाइओवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

# औद्योगिक प्रदूषण के मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पर्यावरण** मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को औद्योगिक प्रदूषण को लेकर दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, डीएसआईआईडीसी, राजस्व, एमसीडी, डीडीए आदि के अधिकारी मौजूद रहे।
बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 33 टीमों का गठन किया गया है। औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए पूरी दिल्ली में 3 विभागों की 472 कर्मियों की 141 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 397 कर्मियों की 108 पेट्रोलिंग टीम रात में तैनात करने का निर्णय लिया गया है। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली की 1721 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है। बैठक के बारे में प्रकाश डालते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने

### गठन

● औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के लिए डीपीसीसी, डीएसआईआईडीसी की 33 टीमों का गठन किया गया



बताया कि गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 1 मई को सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा 14 फोकस प्वाइंट पर आधारित समर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए समर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। औद्योगिक प्रदूषण अभियान के तहत पूरी दिल्ली में 3 विभागों की 472 कर्मियों की 141 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 397 कर्मियों की 108 पेट्रोलिंग टीम रात में औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए तैनात करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 33 टीमें औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के कार्य में तैनात की गई है। यह सभी टीमें दिल्ली में सभी औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी। जिसकी रिपोर्ट समय समय पर पर्यावरण विभाग को प्रेषित की जाएंगी। डीपीसीसी की इस टीम को औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण नियमों के उल्लंघन करने पर , सख़्त कार्रवाई करने का भी आदेश जारी किया गया हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि साथ ही दिल्ली की 1721 पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है और यदि कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उलंघन करते पाई जायेगी, उसपर सम्बंधित विभाग द्वारा उचित और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करना।

# अदालतों में तीन से 30 जून तक अवकाश




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उच्च न्यायालय ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई के लिए अपनी व्यवस्था अधिसूचित कर दी है। गर्मी के अवकाश तीन जून से शुरू होंगे और 30 जून, 2023 तक रहेंगे। इस दौरान अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया तीन से नौ जून तक अवकाश पीठ में बैठेंगे, जबकि न्यायमूर्ति जसमीत सिंह और न्यायमूर्ति विकास महाजन 10 से 16 जून तक अवकाश पीठ के तहत सुनवाई करेंगे। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू और न्यायमूर्ति अमित महाजन 17 से 23 जून तक अवकाश पीठ के रूप में उच्च न्यायालय की कार्यवाही का संचालन करेंगे, जबकि न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर और न्यायमूर्ति मनोज जैन 24 से 30 जून तक यही करेंगे। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई, जिसमें कहा गया है कि न्यायाधीश पहले खंडपीठों में बैठेंगे और फिर अत्यावश्यक दीवानी और आपराधिक मामलों और अन्य मामलों की सुनवाई के लिए अकेले बैठेंगे। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आमतौर पर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उच्च न्यायालय में बैठते हैं और ऐसे अन्य दिन जिन्हें वे सुबह 10:30 बजे उचित समझते हैं।

### छुट्टियों में सुनवाई

● सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया तीन से नौ जून तक अवकाश पीठ में बैठेंगे

# आबकारी घोटाला: ईडी की पूरक चार्जशीट पर 29 को फैसला




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से मनीष सिसोदिया के खिलाफ दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 29 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। 4 मई को ईडी ने इस मामले में चौथी चार्जशीट दाखिल की थी। चौथी चार्जशीट में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपित बनाया गया है। ईडी की चौथी चार्जशीट 2100 पेजों की है। मनीष सिसोदिया इस मामले में 29वें आरोपित हैं। 1 मई को कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल तीसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। स्पेशल जज एमके नागपाल ने तीसरी चार्जशीट में बनाए गए सभी आरोपितों को 10 मई को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। ईडी ने 6 अप्रैल को तीसरी चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने तीसरी चार्जशीट में तीन लोगों राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा को आरोपित बनाया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि गौतम मल्होत्रा को 7 फरवरी, राजेश जोशी को 8 फरवरी और राघव मगुंटा को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा है कि करीब ढाई करोड़ रुपये पहले अमित अरोड़ा को दिए गए और फिर दिनेश अरोड़ा को दिए गए। आखिरकार ये रकम आम आदमी पार्टी के नेताओं को दिए गए। ईडी के मुताबिक आम आदमी पार्टी के कैंपेन को चलाने के लिए राजेश जोशी ने 77 लाख रुपये लिए।

### संज्ञान

● 29 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। 4 मई को ईडी ने इस मामले में चौथी चार्जशीट दाखिल की थी

# एसएएफ मिश्रण का उपयोग कर यात्री सेवा ने भरी उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत में पहली बार शुक्रवार को एक वाणिज्यिक यात्री विमान ने स्वदेशी रूप से निर्मित सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) मिश्रण का उपयोग कर सफलतापूर्वक उड़ान भरी । एयर एशिया की उड़ान (आई5 767) आज पुणे से दिल्ली पहुंची। इसमें प्राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (प्राज) के साथ साझेदारी में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सप्लाई एसएएफ का इस्तेमाल




किया गया। दिल्ली के एयरपोर्ट पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस विमान सेवा को रिसीव करने पहुंचे। इस संबंध में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम है। आने वाले समय में ऊर्जा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता के लिए पेट्रोलियम क्षेत्र का बड़ा योगदान रहने वाला है। इससे 2070 तक कार्बन के शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में देश के प्रयासों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पुरी ने कहा, 2025 तक, अगर हम जेट ईंधन में 1 प्रतिशत एसएएफ सम्मिश्रण करने का लक्ष्य रखते हैं तो भारत को लगभग 14 करोड़ लीटर एसएएफ प्रतिवर्ष की आवश्यकता होगी। अधिक महत्वाकांक्षी रूप से यदि हम 5 प्रतिशित एसएएफ मिश्रण का लक्ष्य रखते हैं तो भारत को लगभग 70 करोड़ लीटर एसएएफ प्रतिवर्ष की आवश्यकता होगी।

## तिहाड़ से शिफ्ट होंगे खूंखार कैदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तिहाड़** जेल में बंद गैंगस्टरों को अब दूसरे प्रदेशों की जेलों में भेजा जा सकता है। इसको लेकर जेल प्रशासन को ओर से दिल्ली सरकार के पास एक प्रस्ताव भेजा गया है। जेल सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव में सुरक्षा का हवाला देते हुए गैंगस्टरों को देश की अन्य सुरक्षित जेलों में शिफ्ट करने की बात कही गई है। कहा गया है कि तिहाड़ जेल में बंद अपराधियों को देश की अन्य सुरक्षित जेल में शिफ्ट किया जाए। जेल प्रशासन आधिकारिक तौर पर इस संबंध में फिलहाल कुछ भी कहने से बच रही है। फिलहाल तिहाड़ जेल में करीब 10 से ज्यादा गैंगस्टर बंद हैं और इनके सौ से ज्यादा साथी भी वहीं निरुद्ध हैं।

# दिल्ली के निजी स्कूल संचालकों ने बदला कैपिटेशन फीस का नाम

## स्कूलों में इन सीटों पर दाखिला दिलाने के लिए निजी एजेंसियों समेत स्कूल प्रबंधन के व्यक्ति अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी के निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए अभिभावकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है, खासकर नामी निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली की लगभग 1.25 लाख सीटों के लिए। इन सीटों पर प्रतिवर्ष डेढ़ से दो लाख अभिभावक आवेदन करते हैं। दाखिले के लिए स्कूलों के तय मानक भी हैं। यहां हर स्कूल अंक प्रणाली के आधार पर आवेदन करने वाले छात्रों को दाखिला देने की सूची जारी करते हैं। बावजूद इसके जिन विद्यार्थी के तय मानक के अनुरूप अंक नहीं आ पाते हैं या जो आवेदन ही नहीं करते हैं, उनको भी सीट बेचकर



दाखिला दे दिया जाता है और कई बार तो स्थिति यह तक होती है कि दाखिला सूची में नाम होकर भी छात्र को दाखिला न देकर उसकी सीट किसी और छात्र को बेच दी जाती है। स्कूलों में इन सीटों पर दाखिला दिलाने के लिए निजी एजेंसियों समेत स्कूल प्रबंधन के व्यक्ति अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं। निदेशालय के नियमों के तहत मैनेजमेंट कोटा समेत अन्य सीटों पर दाखिले के लिए स्कूल कैपिटेशन शुल्क नहीं वसूल सकता है। निदेशालय ने हाल ही में ऐसे ही एक रैकेट का पदार्फाश कर स्कूलों को चेतावनी भी दी है। बावजूद इसके स्कूल नहीं मान रहे हैं। स्कूलों ने कैपिटेशन फीस का अब नाम बदल दिया है। वे अभिभावकों से अब ट्रस्ट या स्कूलों में संसाधन उपलब्ध कराने के नाम पर दान लेकर सीटें बेच रहे हैं।

**अंक प्रणाली कराती है अभिभावकों को मजबूर:**
राजधानी में नर्सरी, केजी और पहली में दाखिले के लिए हर स्कूल अंक प्रणाली को दाखिले का आधार बनाता है। जिसमें मुख्यता घर से दूरी, भाई-बहन, पूर्व छात्र जैसे अलग-अलग मानदंड होते हैं। कई विद्यार्थियों के तय मानदंडों के अनुरूप अंक नहीं आ पाते हैं। ऐसे में स्कूल में बार-बार चक्कर लगाकर दाखिले के लिए परेशान हो चुके अभिभावकों को अंत में मैनेजमेंट कोटा की सीटें ही अंतिम उम्मीद दिखती हैं।

### वसूलते हैं

● नर्सरी, केजी और पहली की लगभग 1.25 लाख सीटों के लिए इन सीटों पर प्रतिवर्ष डेढ़ से दो लाख अभिभावक आवेदन करते हैं

## न्यूज फ्लैश

### जिले में शुक्रवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस-उपायुक्त सिवाच

**सोनीपतः उपायुक्त ललित** सिवाच ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है।
उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

### नशा तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, हजारों नशीले कैप्सूल सहित यूपी का मेहंदी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** में नशीले पदार्थो की तस्करी करने वालों की पुलिस ने एक बार फिर से शिंकजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले दो महीने के दौरान अम्बाला में भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किये गए है तथा कई लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।
अंबाला में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशीले कैप्सूल की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वैसे तो आरोपी गैस चूल्हा रिपेयर करने का काम करता है, लेकिन । पुलिस की टीम को मुखबिर ने सूचना दी थी कि आरोपी नशीले कैप्सूल बेचने का भी धंधा करता है। पुलिस आरोपी से 3600 नशीले कैप्सूल बरामद कर पूछताछ में जुटी है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि। पुलिसकी टीम महेश नगर रामा पैट्रोल पंप के पास गश्त पर तैनात थी। इसी बीच, गुप्त सूचना मिली कि पूजा विहार निवासी मेंहदी की करधान रोड पर मेंहदी हसन रिपेयर हाउस (गैस चूल्हा रिपेयर) नाम से दुकान है। आरोपी भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बेचने का धंधा करता है। आरोपी करधान रोड की तरफ से टांगरी नदी के बंधे की तरफ आएगा।
सूचना ने मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक व्यक्ति हाथ में बैग पकड़े आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मुखबिर के इशारे पर तुरंत आरोपी मेंहदी को काबू कर लिया। आरोपी मूलरुप से यूपी के जिला अमरोहा के गांव आजमपुर का रहने वाला है। इन दिनों पूजा विहार में सुरेंद्र कुमार सरपंच के घर किराए पर रह रहा है।
पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा पकड़े बैग की तलाशी लेने पर नशीले कैप्सूल के 15 डिब्बे बरामद हुए। प्रत्येक डिब्बे में 30 पत्ते थे और प्रत्येक पत्ते में 8 कैप्सूल मिले। आरोपी से पैरासिटामोल, डायसाइक्लो माइन, हाइड्रोक्लोराइड, ट्रामाडोल, प्रॉक्सीवेल स्पास के कुल 3600 कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
एसपी जशनदीप सिंह रंधावा से कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थों की तस्करी करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। उन्होनें कहा कि अधिकतर अपराधों का कारण नशा ही है ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को नशा रोकने के लिए आगे आना होगा।

### अंबाला सदर में शुरू हुआ 'मेरी लाइफ मेरा शहर' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) अम्बाला** सदर नगर परिषद द्वारा मेरी लाइफ मेरा शहर कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जानकारी देते हुए स्वच्छ भारत मिशन की कोडिनेटर रितू शर्मा व मुख्य सफाई निरिक्षक विनोद बेनीवाल ने बताया कि छावनी सदर क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रत्येक क्षेत्रवासी बढ़ चढ़ कर भाग लें और अम्बाला छावनी सदर क्षेत्र को साफ रखें। उन्होनें बताया कि आरआरआर के तहत यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिसके तहत रिफयूज, रियूज, रिसाइकिल किया जाएगा। उन्होनें बताया कि अम्बाला छावनी में इसके लिए सात सैंटर बनाए गए है। जिनमे बीसी बाजार, बकरा मार्केट, रामबाग रोड, रामनगर, दयालबाग, शिवप्रताप नगर व महेश नगर में यह सैंटर कार्य कर रहें है। अक्सर लोग घर का पुराना सामान या फिर प्लास्टिक की बोतलें सड़कों, गलियों में फैंक देते हैं जिससे एक ओर जहां शहर की सुदंरता खराब होती है तो वहीं दूसरी ओर यह सामान नालिया,नालों में गिरने से पानी निकासी भी बाधित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आरआरआर योजना शुरू कि गई है। उन्होनें कहा कि यहां पर कोई भी व्यक्ति पुराने कपड़े, पुराना सामान, चप्पल प्लास्टिक का टूटा हुआ सामान बातलें सैंटर में पहुंचाए और हमारी टीमें इसका निवारण कर सकें तभी अपने शहर को स्वच्छ रखा जा सकता है। उन्होनें कहा कि इस अभियान के तहत लोगो में

# टॉपर नेहा को उप-मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

## जननायक जनता पार्टी राजस्थान में चुनावों की तैयारी में, करेंगे संगठन विस्तार



**टीम एक्शन इंडिया/राई। हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को चौहान जोशी गांव में कार्यकताओं के आवास पर पहुंचकर उनकी पुत्री-भतीजी को सुखमय विवाहित जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजस्थान में जननायक जनता पार्टी (जजपा) के संगठन विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जजपा राजस्थान में चुनाव लडने् की तैयारियों में है, जिसके लिए तीस सीटों को चिन्हित किया गया है। उप-मुख्यमंत्री ने आम जनमानस की समस्याओं और मांगों की सुनवाई भी की।
चौटाला ने कहा कि बीसीए का अमेडमेंट अर्बन लोकल बोडीज में पिछली कैबिनेट में हुआ है जिसके चलते कुछ चीजे पेंडिंग है और वार्ड बंदी का ईस्सू है इसके चलते चुनाव लेट हुए। सरकार को चुनाव से किसी तरीके का डर नही है। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के आरोप की सरकार जान बूझकर गुरुग्राम, फरीदाबाद और मानेसर नगर निगम चुनाव लेट करवा रही है पर डिप्टी सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि दीपेंद्र हुड्डा 4 बार के सांसद है वो उन्हे इस बात की नॉलेज होनी चाहिए कि सभी चीजे संविधान के अनुसार होती है। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मेधावी छात्रा नेहा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया। नेहा ने 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में 500 में से 483 (96.8 प्रतिशत) अंक लेकर राई खंड में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इस अवसर पर डा. केसी बांगड़, जजपा के जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया, चेयरमैन सुमित राणा, अजीत आंतिल, रमेश पहलवान, राजपाल सेवली, मास्टर दिनेश, रमेश बड़ौली, संतलाल राणा, राममेहर राठी, राजेश, रामेश्वर सरपंच, प्रेम सिंह, प्रदीप तथा ओमप्रकाश आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। जो पार्टी एक साल से **निर्णय नही ले पा रही कि उन्हें किसके साथ जाना है उनको लेकर क्या बात करनी : चौटाला**
प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में इनेलो पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी एक साल से निर्णय नही ले पा रही कि उन्हें किसके साथ जाना है उनको लेकर क्या बात करनी। वही कांग्रेस नेता जेपी के इस बयान कि बीजेपी और जेजेपी के कई नेता कांग्रेस के साथ आना चाहते है पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आप हमे लिस्ट लाकर दे दे।

# सीएफएल को ऊर्जा दक्ष एलईडी बल्ब में बदलने की चलाई जा रही योजना



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) अतिरिक्त** उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि जन जागरूकता पैदा करने के लिए व ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा कॉमन एरिया लाइटिंग कैम्पेन योजना चलाई गयी है जिसके तहत गावं में जैसे स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, सामुदायिक केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र आदि सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे है। पारम्परिक बल्ब व सीएफएल को ऊर्जा दक्ष एलईडी बल्ब से बदले जाने की योजना चलाई गई है। एडीसी अखिल पिलानी ने कहा कि इसके अंतर्गत गावं ज्योतिसर, मिजार्पुर, दयालपुर, गढ़ी रोडान, मुर्तजापुर, रामसरन माजरा, कालवा तथा भौर सैदां की ग्राम पंचायतों की मीटिंग में एलईडी बल्बों को लगाने के लिए सार्वजनिक स्थानों की आवश्यकता अनुसार सूची मांगी गई थी।

## 'जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाया जाएगा जीरो डेथ अभियान'

**टीम एक्शन इंयिा/सोनीपत उपायुक्त ललित** सिवाच ने कहा कि जिला में सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जीरो डेथ अभियान चलाया जा जाएगा। इस मिशन का लक्ष्य रोड पर होने वाली सडक दुर्घटनाओं को कम करना और अपने जीवन की देखभाल करने के लिए जागरूक फैलाना है। उपायुक्त ने कहा कि हादसों में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गुड समारिटन की गाईडलाईन अनुसार सडक दुर्घटनाग्रस्त पीडित को तुरंत सहायता पहुंचाएं जिसमें पुलिस की तरफ से मददगार व्यक्ति की पूरी मदद की जाएगी। घायलों की समय पर मदद को मध्येनजर रखते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा मिशन जीरो डेथ जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। उपायुक्त ने कहा कि सडक दुर्घटना में घायल को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना एक मानवीय कर्तव्य हैं, उन्होंने बताया कि गुड समारिटन (अच्छा मददगार व्यक्ति) उन्हें माना जायेगा जो दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बिना किसी विशेष संबंध, वित्तीय लाभ अथवा पुरस्कार की उम्मीद किए बगैर अस्पताल पहुंचायेगा। अगर कोई व्यक्ति किसी घायल को अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाता है तो उसे उचित सम्मान दिया जाएगा। मिशन जीरो डेथ अभियान से मददगार लोगों को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए जिला पुलिस को उचित निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि मिशन जीरो डेथ अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इसके तहत जब भी कोई व्यक्ति सडक दुर्घटना देखे तो आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए अविलम्ब डायल 112 पर तथा एंबुलेंस के लिए 108 पर कॉल करके सूचित करें। एंबुलेंस को भी घटनास्थल तक शीघ्रता से पहुंचने के लिए रास्ता दें व एंबुलेंस चालक द्वारा किए गए फोन का उत्तर दें। एंबुलेंस की दस या पंद्रह मिनट तक प्रतीक्षा करें, अगर आप प्रशिक्षित नहीं है और आपके पास आवश्यक उपकरण नहीं है तो घायल व्यक्ति को ना छुएं तथा घायल व्यक्ति के आसपास भीड़ इक्टठा न होने दें।

## 'शनि देव फल देने वाले दाता है सभी को इनकी पूजा-अर्चना करनी चाहिए'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक) बाबैन के** शनि मंदिर में शुक्रवार को शनि जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसको लेकर पूरा दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने जाकर भगवान शनि देव के आगे शीश झुकाया और उनकी पूजा-अर्चना की। शनि जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की और भगवान शनि देव को तेल, तिल, काला कपड़ा व अन्य पूजा सामग्री अर्पित की। मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जितना हो सके भगवान शनि देव की पूजा अर्चना करने चाहिए। क्योंकि यह फल देने वाले दाता है।

# सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने धूलगढ़ गुलडेहरा स्कूल में चलाया पौधरोपण अभियान




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) राजकीय** आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा में सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत लगातार पौधारोपण अभियान चलाया हुआ है।इसी कडी मे आज राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा मे पौधारोपण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक मुनीष शर्मा व अशोक कश्यप ने किया। उन्होने उपस्थित सभी अतिथियो का स्वागत किया। सबसे पहले विद्यालय मे पौधारोपण किया गया और साथ ही उपस्थित बच्चो और ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं विद्यालय के मुख्याध्यापक व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियो को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया।

# आर्थिक छात्रवृत्ति योजना की मांग को लेकर युवाओं ने सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) बहुजन समाज** पाटी के तत्वाधान मे राजेश कुमार बाडा लोकसभा प्रभारी कुरुक्षेत्र, अम्बाला एवं करनैल सिंह नंगला जिला अध्यक्ष एवं जिला परिषद वाईस चेयरमैन बसपा अम्बाला की अध्यक्षता मे सयुक्त रूप से जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन हरियाणा में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण छात्रवृत्ति योजना के तहत विद्यार्थियों को दी जाने वाली आर्थिक सहयोग राशि लागू करके दिये जाने बारे तथा कार्यकर्तागण एवं पदाधिकारीगण आपसे निवेदन कर आपका ध्यान एस.सी. व बी.सी. को मिलने वाली छात्रवृति मे हो रही अनियमितताओ की तरफ लाना चाहते है
जोकि इस प्रकार है। 2014-2017 एस.सी. व बी.सी. के छात्रवृति मे हुए घोटाले की विजीलेंस जांच कई वर्षों से जारी है, जिसके कारण छात्रवृति रूकी हुई है।
जांच का कोई भी परिणाम अब तक नही निकल पाया । आपसे निवेदन है कि घोटाले की जांच शीघ्र हो । दोषियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराएं तथा छात्र-छात्राओ को उनकी रूकी हुई स्कॉलरशिप जल्दी मिले । 2017 के बाद से अब तक जो भी छात्रवृति एस.सी. और ओ.बी.सी. के स्टूडेंट्स को दी जा रही है, वह पूरी नही दी जा रही है । आपसे निवेदन है कि स्कॉलरशिप को नियमित करते हुए छात्रो को यह एक ही बार में पूरी छात्रवृति दि जाए । परिवार पहचान पत्र मे इनकम वेरीफाई ना होने के कारण काफी बच्चो के इनकम सर्टिफिकेट रिजेक्ट कर दिए गए है, या फिर बना ही नही रहे है। जिसके कारण काफी बच्चे छात्रवृति के फार्म भरने से ही वंचित रह गए है । जिसमे बच्चो की कोई भी गलती है। कृपया इस पर विशेष संज्ञान ले । कुछ सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान स्टूडेंट से जबरन फीस वसूली करते है। जिसके कारण जो बच्चे फीस नहीं भर पाते मानसिक प्रताड़ना का शिकार होते है । सभी योग्य छात्र छात्रवृति के लिए अप्लाई करते है, किंतु उनमे से काफी छात्रो की छात्रवृति उन्हे नही प्राप्त होती है। कृपया जिन छात्रो की छात्रवृति रूकी हुई है, उन सभी की छात्रवृति जल्दी से जारी की जाए । सरकारी स्कूलो मे पढ़ रहे गरीब बच्चो की छात्रवृति व वजीफे समय पर बच्चे को नहीं दिए जा रहे।

## एचसीएस की परीक्षा के दौरान रहेंगें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

▶▶ 21 मई 2023 को सुबह 07 बजे से शाम 07 बजे तक आपातकालीन सेवाओं को छोड़ कर शहर मे सभी भारी वाहनों की एंट्री पर पाबंधी रहेगी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र पुलिस** द्वारा जिला में दिनांक 21 मई 2023 को एचसीएस की परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। परीक्षा के दौरान शहर में भारी वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने बताया कि दिनांक 21 मई 2023 को एचसीएस की लिखित परीक्षा शहर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होनी है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र द्वारा जारी आदेशो में कहा है कि परीक्षा केन्द्रों के आस-पास पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है तथा सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। परीक्षा के मध्यनजर रविवार दिनांक 21 मई 2023 को सुबह 07 बजे से शाम 07 बजे तक आपातकालीन सेवाओं को छोड़ कर शहर मे सभी भारी वाहनों की एंट्री पर पाबंधी रहेगी। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंधी लगाई गई है। उन्होंने कहा की इस परीक्षा में दूर दराज के जिलो से भी परीक्षाथीयों के आने से शहर में वाहनों की भीड़ रहने का अंदेशा है। अतः आमजन से भी अपील है कि इन दिनों में अनाव्यशक रूप से गाड़ी लेकर शहर की तरफ ना जाएं। सभी थाना प्रभारियो को आदेश दिए गये हैं कि अपने-अपने एरिया में व परीक्षा केन्द्रों के नजदीक गस्त बढ़ाएं तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलायें ।

## छात्रों को नशा न करने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 221वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा विद्यालय में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। विद्यालय में विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का है एक खुला और दूसरा प्रतिबंधित लेकिन दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि युवा नशे के चक्व्र्यू में फंसकर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। ऐसे व्यक्ति की समाज में स्थिति बहुत ही दयनीय हो जाती है इसलिए कभी भी नशा नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई गई कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे।

## 17.71 करोड़ से बनी फोर लेन सडक का काम अंतिम चरण में



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** शहर में गोहाना रोड को जीटी रोड से लेकर एनएफएल रेलवे फाटक तक करीब तीन किमी के एरिया में चौड़ा करके फोरलेन बनाया गया है और इसका निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। इस सडक को पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से बनवाया जा रहा है, जबकि बिजली के खंभों की शिफ्टिंग और फोरेस्ट सहित करीब 4 करोड़ रुपये अलग से खर्च आया है। नगर निगम द्वारा इसी फोरलेन सडक के बीच बनाये गये डिवाइडर पर एनएफएल रेलवे फाटक से लेकर गोहाना मोड़ तक 71.41 लाख की लागत से करीब 96 फैंसी लाइट लगाई जा रही हैं। इनमें से रेलवे फाटक से लेकर एफसीआई के गोदामों तक 48 लाइटें तो लगाई जा चुकी हैं और बाकी 48 लाइटें अभी लगायी जानी हैं, लेकिन उन लाइटों के लिये भी डिवाइडर के बीच फाउंडेशन बनाकर तैयार की हुई है। वहीं पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रामपाल जागलान ने बताया कि गोहाना रोड को फोरलेन बनाने का तकरीबन कार्य पूरा हो चुका है और रोड पर पट्टी आदि लगाने का जो काम अभी बाकी बचा है, वह भी बहुत जल्द ही पुरा हो जाएगा।
**नयी बनी सडक पर नहीं होना चाहिये अतिक्रमणः ललित**
किशनपुरा के पास गोहाना रोड वेलफेयर मार्केट एसोसिएशन के प्रधान एवं समाजसेवी ललित गोयल ने कहा कि इस नयी बनी सडक पर अभी भी रेहड़ी व ट्रैक्टर ट्राली वाले खड़े रहते हैं। प्रशासन को इस सडक से अतिक्रमण को हटवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सडक पर इतने करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, लेकिन अभी भी सडक कई स्थानों पर पूरी तरह से समतल नहीं है।

# 'गहनता से जांच कर अपराधियों को दिलवाएं कठोर सजा'

## संबंधित अधिकारी गवाहों की सुरक्षा के लिए करें उचित प्रबंध, नशा तस्कारों की पहचान कर पुलिस विभाग करें सख्त कार्यवाही



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत उपायुक्त ललित** सिवाच ने कहा कि चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजन पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा के लिए भी उचित प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में चिन्हित व जघन्य अपराधों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
उपायुक्त ने कहा कि पब्लिक प्रोसिक्यूटर जिला में चिन्हित अपराधों की अच्छे तरीके से पैरवी करें, किसी भी सूरत में दोषी बख्शा न जाए। जिला में चिन्हित अपराधों को लेकर हर मास बैठक कर मंथन किया जाता है, ताकि संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों का हर हाल में सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने आज की बैठक में आपराधिक मामलों का स्टेटस जाना और जिन मुकदमों में अपराधियों को बरी या सजा मिली है उनको एग्जामिन किया।
उपायुक्त ने चिहिन्त व जघन्य अपराधों में पुलिस अधिकारियों और जिला न्यायवादी को अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ पीड़ित व चश्मदीद गवाहों की गवाही जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। गम्भीर अपराधों के मामले में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि ऐसे केसों की अच्छे से सुपरवीजन बनी रहनी चाहिए। जिला न्यायवादी को गम्भीर अपराधों में अदालती मामलों की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने चिहिन्त अपराधों के मामलों पर चर्चा की। मीटिंग में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार रोकने के लिए गठित एक्ट 1989, महिला एवं कमजोर वर्गों के साथ किए गए अत्याचार, पोक्सो एक्ट तथा भ्रष्टाचार से सम्बंधित मामलों की मॉनिटरिंग को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने नशे को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशा तस्करों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और उनपर सख्त कार्यवाही की जाए। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के आस-पास नजर रखी जाए कि यहां पर किसी प्रकार के नशे का प्रयोग तो नहीं हो रहा।

# पानीपत के शुगर मिल कालोनी के शनि मंदिर में शनि जयंती पर लगाया भंडारा

▶▶ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल और भाजपा के स्थानीय निगम पार्षद बलराम मकौल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** के पुराने शुगर मिल की कालोनी स्थित शनि मंदिर में शुक्रवार को शनि जयंती के उपलक्ष्य में सभी की सुख समृद्धि के लिये हवन करवाया और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।
कार्यक्रम में शुगर मिल के एमडी एवं समाजसेवी नवदीप सिंह नैन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल और भाजपा के स्थानीय निगम पार्षद बलराम मकौल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। सभी अतिथिों का कार्यक्रम में पहुंचने पर शनि मंदिर के प्रमुख सेवादार बिजेंद्र मलिक व कमेटी सदस्यों ने स्वागत किया। एमडी नवदीप सिंह नैन ने उपस्थित सभी लोगों को शनि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शनि देवी की सभी लोगों पर कृपा बनी रहे। उन्होंने बताया कि करीब 8 वर्ष पहले यहां पर शनि मंदिर की स्थापना की गई थी।

# बुजुर्गों को बटेश्वर धाम व मथुरा-वृन्दावन की यात्रा के लिए बस की रवाना

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने यात्रा को दिखाई हरी झण्ड़ी









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर से इन्द्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति की ओर से बुजुर्गों के लिए बटेश्वर धाम और मथुरा-वृन्दावन की तीर्थ यात्रा को पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का स्वागत किया। तो वहीं डॉ. हर्षवर्धन ने खिलाड़ी सोनू शर्मा का स्वागत किया जो बॉडी बिल्डर में पदक जीतकर आये है और साथ ही 25 वर्ष की पायलट बनी सुप्रिया कादयान का भी स्वागत किया।

**लोगों से मिले डॉ. हर्षवर्धन:** बस को हरी झंडी दिखाने से पहले सांसद हर्षवर्धन ने बुजुर्गो का हाल-चाल जाना और उनकी मंगल यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दी।

**डॉ. हर्षवर्धन ने बस को दिखाई हरी झंडी:** दिल्ली से बुजुर्गों की बटेश्वर धाम और मथुरा-वृन्दावन की तीर्थ यात्रा करवाने के लिए जाने वाली बस को पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हरी झंड़ी दिखाई।

**खिलाड़ी व पायलट का डॉ. हर्षवर्धन ने किया स्वागत:** पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने बस को हरी झंडी दिखाने से पहले खिलाडी व पयालट का स्वागत किया। डॉ. हर्षवर्धन ने खिलाड़ी सोनू शर्मा और 25 वर्ष की पायलट बनी सुप्रिया कादयान का भी स्वागत किया।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर इन्द्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, मुख्य संरक्षक व सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, ओम प्रकाश कौशिक प्रधान, संरक्षक सुनील अवस्थी, हरीश भारद्वाज, चन्दमुनी त्यागी, हेमराज गुप्ता सचिव, देशराज गुप्ता उपाध्यक्ष, कपूर सिंह दहिया उपाध्यक्ष मौजूद रहे।











**डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद: आज इन्द्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति की ओर से बुजुर्गों के लिए बटेश्वर धाम और मथुरा-वृन्दावन की तीर्थ यात्रा के लिए बस को रवाना किया गया है। मैं इनकी मंगलमय यात्रा की लिए शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाये।**



**नवीन त्यागी, पूर्व चेयरमैन सिविल लाईन जोन: इन्द्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति की ओर से आज 70 बुजुर्गों को बटेश्वर धाम और मथुरा-वृन्दावन की यात्रा के लिए रवाना किया गया है। हमारी समिति का प्रयास रहता है कि हम इस प्रकार की यात्रा अधिक से अधिक बार कर सके। जिससे की बुजुर्ग अधिक से अधिक धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सके।**

# पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने नए फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार के शहर की सड़कों से भीड़भाड़ कम करने और यात्रियों को बेहतर आवागमन प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखने की दिशा में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने शुक्रवार को पंजाबी बाग से राजा गार्डन तक के फ़्लाइओवर के दोहरीकरण व विस्तार के कार्यों का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी द्वारा फ्लाईओवर का 50% निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है और प्रोजेक्ट के पूरा होने की अंतिम तिथि दिसम्बर है। लेकिन आज निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को ट्रैफिक की समस्या का सामना न करना पड़े इसलिए फ्लाईओवर दोहरीकरण की रफ़्तार बढ़ाकर निर्माण कार्य को दिसम्बर के बजाए अक्टूबर में पूरा किया जाए।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि नए फ्लाईओवर के बनने से रिंग रोड़ कोरिडोर के इस हिस्से पर ट्रैफिक का लोड काफी कम होगा। इससे यात्रियों के समय की बचत होगी और ईंधन की खपत भी कम होगी। फ्लाईओवर के बनने से पंजाबी बाग के इस हिस्से में यातायात सुगम होगा और प्रतिवर्ष 1.60 लाख टन कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा और प्रत्येक वर्ष 18 लाख लीटर ईंधन



की बचत होगी। साथ ही इससे सालाना लोगों के 200 करोड़ रुपए की बचत होगी और प्रोजेक्ट की कुल लागत मात्र कुछ सालों में निकल जाएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने साझा कि इस प्रोजेक्ट के तहत पंजाबी बाग स्थित सिंगल फ्लाईओवर को डबल किया जाएगा। यहां मौजूदा वन-वे है साथ ही यहाँ ईएसआई मेट्रो स्टेशन व क्लब रोड़ के बीच 1300 मीटर लम्बे 6 लेन के नए फ्लाईओवर



का निर्माण भी किया जा रहा है। साथ ही यहाँ पैदल यात्रियों के लिए 2 सब-वे व एक फूटओवर ब्रिज का निर्माण भी किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विजन है कि दिल्ली की सड़कें सुंदर दिखे और जब लोग अपने घर से बाहर निकले तो उन्हें सुगम ट्रैफिक मिले। इस दिशा में पीडब्ल्यूडी और हमारे इंजिनियर्स दिन-रात काम कर रहे है और दिल्ली की सड़कों को सुंदर बनाने के साथ-साथ उनका विस्तार कर सड़कों से ट्रैफिक का लोड भी कम कर रहे है। इसी दिशा में पंजाबी बाग में फ्लाईओवर के दोहरीकरण व विस्तार का मौजूदा सड़क से ट्रैफिक का लोड कम कर दिल्ली की तरक्की में गेम चेंजर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 7 सालों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्त्व में दिल्ली में शानदार काम हुए है। वो न केवल सपने दिखाते है बल्कि उन्हें सच करके भी दिखाते है। उनके काम की बदौलत ही दिल्ली की सड़के वर्ल्ड-क्लास बनने लगी है और उनके मार्गदर्शन में काम करते हुए हम पूरी दिल्ली को सुंदर बनायेंगे। उल्लेखनीय है कि पंजाबी बाग फ्लाईओवर और राजा गार्डन फ्लाईओवर के बीच का ये कॉरिडोर रिंग रोड का हिस्सा है और यहां ट्रैफिक का लोड काफी ज्यादा है क्योंकि यहां रोहतक रोड (एनएच -10) का उपयोग करके हरियाणा का ट्रैफिक आता है। साथ ही ये उत्तरी दिल्ली को दक्षिणी दिल्ली, गुडगाँव व एनसीआर के अन्य हिस्से से जोड़ने का भी काम करता है।

यहां मौजूद वन-वे फ्लाईओवर और कम क्षमता वाले चौराहों वर्तमान के ट्रैफिक लोड के लिए पर्याप्त नहीं है।



अशोक विहार स्थित पॉकेट बी के पार्क के निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का हो रहा है सशक्तिकरण: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शुक्रवार को आयोजित कमल मित्र ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण शिविर में नरेन्द्र मोदी सरकार की महिला केंद्रित 15 योजनाओं के बारे में कार्यकताओं सहित महिलाओं को जागरुक किया जाएगा। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कमल मित्र के लिए भाजपा महिला मोर्चा को बधाई दी। सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले हमारी माताओं-बहनों को पहाड़ से उतरकर पीने के लिए पानी भरकर ले जाना पड़ता था। आज 'जल जीवन मिशन' के माध्यम से हर घर नल से जल पहुंच रहा है। इस तरह महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं सुबह-सुबह घर से निकलकर खाना बनाने के लिए जंगलों में लकड़ी काटने जाती थीं, तब घर में खाना बन पाता था। इस दौरान उन्हें धुएं से जूझना पड़ता था। आज उज्ज्वला योजना के तहत साढ़े 9 करोड़ से अधिक लोगों को गैस सिलेंडर दिया गया है।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से सैफई इटावा स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए प्रवीन यादव, अर्जुन यादव।

# नरेला: शनि जयंती पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम नरेला जोन के मलेरिया विभाग द्वारा शनि जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का उद्घाटन क्षेत्रीय निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री ने किया।

बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित पीएचयूसी डिस्पेंसरी में वार्ड 1 नरेला के मलेरिया विभाग कर्मचारियों द्वारा शनि जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्घाटन क्षेत्रीय निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री ने किया।





मलेरिया विभाग के अधिकारियों द्वारा पार्षद श्वेता कमल खत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य भी मौजूद रहे। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने श्रद्धा भाव के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा शाम तक जारी रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर युवक युवतियों की भीड़ प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। भंडारे में डीएचओ अजय हाँडा, एएमओ सुधीर , इंस्पेक्टर मनोज देशवाल, जोगेंद्र दहिया, राजेश खत्री, जसवंत,विनोद, राजेश खत्री (छोटा) राजकुमार, सुरेंद्र, प्रवीन,दलबीर, संतराम मौजूद रहे।

## दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत की मानहानि याचिका पर सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बसों की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत की ओर से विजेंद्र गुप्ता के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद 23 जून को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। शुक्रवार को कोर्ट को बताया गया कि 24 नवंबर 2021 को हाई कोर्ट की ओर से इस मामले की सुनवाई पर रोक लगाने संबंधी आदेश अगले आदेश तक जारी है। हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 2 नवंबर को होने वाली है। विजेंद्र गुप्ता की ओर से पेश दीपांशु बडीवाल ने कहा कि वे हाई कोर्ट से जल्द सुनवाई करने के लिए अर्जी दायर करेंगे। उसके बाद कोर्ट ने 23 जून को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। इससे पहले 11 अक्टूबर 2021 को कोर्ट ने भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को समन जारी किया था। समन जारी करने के इस आदेश के खिलाफ विजेंद्र गुप्ता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# विकास कार्यों को सम्बंधित विभागों के अधिकारी कराएं निर्धारित समय सीमा में पूरे: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार घोषित किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता पूरी तरह से नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। वहीं सरकार की घोषणा के जो विकास कार्य शुरू नहीं किए गए हैं, उन्हें यथाशिघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित करें और जो विकास कार्य पूरे हो गए हैं। उन्हें ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। वहीं जिस भी विभाग की फाइल मुख्यालय में गई है उसके स्टेटस की पूरी अपडेट रखें और जिस विभाग के मुख्यालय में फोन पर बात करनी है या डीसी साहब व सम्बन्धित अधिकारी के द्वारा डीईओ लेटर भिजवाना जरूरी है तो डीसी कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें। तथा जिन विकास योजनाओं और परियोजनाओं पर काम चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय पर यथाशीघ्र पूरा करवाना सुनिश्चित करें। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित डीसी कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर जिला फरीदाबाद में विभिन्न विकास योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूरा ध्यान रखा जाए। ताकि विकास योजनाओं और परियोजनाओं के कार्य प्रभावी रूप से हो सकें। उन्होंने कहा कि जिस भी विकास योजना या परियोजनाओं पर कार्य चल रहे है।वहां विकास कार्यों पर पूरी नजर रखें। ताकि विकास कार्य अच्छी तरह से हो सकें। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन प्रक्रिया के दौरान विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी समय निर्माण सामग्री के नमूने लेकर जांच लैब से कराई जा सकती है। ताकि जिला के आमजन को विकास योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को चाहिए कि वो विकास योजनाओं और परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने समीक्षा बैठक में क्रमवार सम्बन्धित विभागों के प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिए। इनमें सेक्टर-25 में ख?ाब सड़क, स्टॉर्म वाटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटो तथा बेहतर सिवरेज व्यवस्था, लाइटिंग, सौन्दर्य करण और वाटर सप्लाई जो भी काम अभी शुरू नहीं हुए ठेकेदार का टेका रद्द कर उनके नए टेंडर जारी करके काम को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए वहीं विकास योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन न करने वाली एजेन्सियों और ठेकेदारों की जबाब देही कर ब्लैक लिस्ट करना सुनिश्चित करें। बिजली निगम, एमसीएफ, स्मार्ट सीटी, एचएसवीपी, शिक्षा, पंचायती राज विभाग सहित अन्य तमाम विभागों के प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारियों को सम्भावित मानसून की बारिश से पहले आगामी 30 जून 2023 तक पूरा करना सुनिश्चित करें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने विकास योजनाओं और परियोजनाओं मे मुख्य रूप से बडखल झील, भाखरी रोड पर एसटीपी, सेक्टरो की स्मार्ट रोड, एफएमडीए सभी 30 मीटर सड़को पर स्लिप रोड बनाये और सभी चौको के सौन्दर्यीकरण के कार्य को पूरा करें व तिरंगा लाइटे लगवाएं। वहीं पीडब्लूडी बी एण्ड आर मंझावली पुल का निर्माण कार्य अगले दो दिन में शुरू कराया जाए। मानसून की बारिश से पहले टेंडर जारी करके ड्रेनों की सफाई को पूरा करवाएं। जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक में बड्खल की विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता व तिगावं के विधायक राजेश नागर ने अपने अपने विधान सभा क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनहितैषी विकास कार्यों को सम्बंधित विभागों के प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारी और कर्मचारी एजेंसियों और ठेकेदारों की जबाबदेही के साथ सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अमलीजामा पहनाने की हर सम्भव सकारात्मकता के प्रयास साथ क्रियान्वयन करवाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने जिला में चल रहे विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें।



## संक्षिप्त खबरें

### अब महिला से मांगे जा रहे और रुपये, नहीं देने पर निर्वस्त्र फोटो वायरल करने की धमकी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला को झांसे में लेकर अलग-अलग स्थानों को फाइव स्टार रेटिंग देने के नाम पर पांच लाख 55 हजार रुपये ठग लिए गए। महिला को पहले प्रति रेटिंग 50 रुपये देने का झांसा देकर फंसाया गया और उनके खाते में एक हजार रुपये भी भेजे गए। बाद में ज्यादा कमीशन देने का लालच देकर तीन दिन में अलग-अलग बैंक खातों में 20 बार राशि डलवाई गई। उसके बाद में और राशि मांगने पर महिला को ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने रुपये देने से मना किया तो उनके निर्वस्त्र फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कमरे से मोबाइल व पर्स चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने कमरे से मोबाइल व पर्स चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास व सूरज निवासी जगदीशपुर टांडा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्नाव यूपी निवासी दिनेश ने एक मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह 27/28 अप्रैल की रात को करीब 12.30 बजे घर पर सो गया। लाइट चले जाने के कारण कमरे का दरवाजा खुला छोड़ दिया। सुबह उठा तो कमरे से किसी ने मोबाइल फोन सहित कागजात चोरी कर लिए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। आरोपितो के पास से चोरी किए मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड बरामद कर लिए। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### खेत में किसान पर कस्सी से हमला करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल में खेत पर बने कमरे में घुसकर किसान पर जानलेवा हमला किया गया। उनपर कस्सी से कई वार किए गए और डंडों से पीटा गया। इससे किसान लहूलुहान हो गया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल किसान को पहले सिविल हास्पिटल में लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उनको पीजीआइ रेफर कर दिया गया। मुरथल के रहने वाले देवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह किसान है। वह खेत पर धान की पौध तैयार कर रहे थे। वह आराम करने के लिए खेत पर बने कमरे में कुछ देर के लिए विश्राम करने लगे।इसी दौरान गांव के मोहित और सुमेर सिंह उनके कमरे में घुस गए। उन्होंने कमरे में आते ही सोते हुए किसान देवेंद्र पर हमला कर दिया। मोहित ने उन पर कस्सी से हमला किया। वहीं मोहित ने उनको डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल किसान को गंभी हालत में सिविल हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां से उनको पीजीआइ में रेफर क दिया। परिवार के लोगों ने उनको एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके हमलावरों की तलाश शुररू कर दी है।

### यमुना घाट में स्नान करने आई छात्रा डूबी, नहीं लग पाया शव का कोई सुराग

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के मिमारपुर घाट पर परिवार के सदस्यों संग स्नान करने आई दसवीं कक्षा की छात्रा यमुना में डूब गई। वह अपने पांच भाई-बहनों के साथ स्नान कर रही थी। इसी दौरान किशोरी का नौ साल का भाई डूबने लगा तो वह उसे बचाने लगी। बहन ने भाई की तो जान बचा ली, लेकिन वह खुद डूब गई। मामले का पता लगते ही परिजनों ने गोताखोरों को बुलाने के साथ ही स्वयं भी उसकी तलाश शुरू कर दी है। पांच निजी गोताखोर भी बच्ची की तलाश कर रही है। पुलिस ने भी प्रशासन को अवगत कराकर चार गोताखोर बुलाए है। पुलिस व गोताखोर की टीमें शव की तलाश कर रही है। गांव जिदंरान रोहतक निवासी राजेराम ने बताया कि वह अपने पांच बच्चों स परिवार के अन्य सदस्यों के साथ यमुना नदी में आया हुआ था। शुक्रवार को ज्येष्ठ की अमावस्या पर यमुना स्नान का बड़ा महत्व माना जाता है। राजेराम के पांच बच्चे बेटी तुलसी, खुशी, आशा (14), भाई आशीष व वंश है। पांचों भाई बहन एक साथ स्नान कर रहे थे।

# मोदी ने 'वन अर्थ, वन फॅमिली और वन फ्यूचर के सन्देश को विश्व में पहुंचाया: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल में दुनिया में भारत के परचम ऊँचा करने का काम किया । मोदी ने अपनी दूरदर्शी सोच से 'वन अर्थ, वन फॅमिली और वन फ्यूचर के सन्देश को पुरे विश्व में पंहुचाया। मोदी के नेतृत्व का लोहा पूरा विश्व मानता है । मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर महासम्पर्क अभियान के निमित जिला कार्यकारिणी बैठक में बोलते हुए भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव ने कहा । भारतीय जनता पार्टी फ?ीदाबाद की जिला कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में अटल कमल जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई द्व बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा फ?ीदाबाद के प्रभारी सत्यप्रकाश जरावता,जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, स्थानीय निकाय विभाग के प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक राजिन्द्र बिसला, नागेन्द्र भडाना, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, राजीव जेटली, पूर्व महापौर सुमन बाला, निवर्तमान उप महापौर मनमोहन गर्ग, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, टिपरचंद शर्मा व जिला विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा मुख्य तौर पर उपस्थित रहे द्व मंच का संचालन जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल ने किया द्व भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 9 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के समग्र विकास के साथ देशवासियों को सशक्त करने का काम किया है द्व मेक इन इंडिया, गरीब कल्याण, पिछड़ों और महिला सशक्तिकरण पर केन्द्र सरकार में बहुत कम किया है द्व मेक इन इंडिया के माध्यम से विभिन क्षेत्रों में रोजगार के स्थान उपलब्ध कराये जा रहे है द्व देश के 80 करोड़ लोगों को राशन देना मोदी की गरीब कल्याण की सोच को दशार्ता है। कोरोना महामारी में विशव के बड़े बड़े देश कुछ नहीं कर पायें लेकिन मोदी ने अर्थव्यवस्था को गति भी दी और देशवासियों की जान भी बचाई द्व बेहद कठिन समय में देश की सरकार को संभालने के बाद मोदी सरकार का 9 साल का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा कार्यकाल है। कार्यकताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि 30 मई से 30 जून महाजनसंपर्क अभियान के तहत जन जन से संपर्क कर इन 9 वर्षों की उपलब्धियों को जनता तक पंहुचाना है। भाजपा में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्त्ता पूर्ण मनोयोग और ईमानदारी से कार्य करता है और अब समय आ गया है मिशन 2024 को अपना टारगेट मानकर राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से राष्ट्र निर्माण में जुटना है और देश की जनता की आँखों में जो सपने हैं, उनको पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी के लिए कार्य करना है।



# समीक्षा बैठक में फिर सख्त लहजे में नजर आए विधायक राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक में विधायक राजेश नागर ने अपनी तिगांव विधानसभा में विकास कार्यों में अधिकारियों एवं ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं, कामचोरी और निकम्मेपन का मुद्दा उठाया। उन्होंने एक बार फिर कहा कि उन्हें निकम्मे अधिकारी नहीं चाहिए। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी मौजूद थे। विधायक राजेश नागर ने बैठक में विभागवार समीक्षा के दौरान अपनी विधानसभा क्षेत्र में पेश आ रही समस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में पीने का पानी, पानी निकासी, सडकें, सीवर, बिजली की ऐसे अनेक प्रोजेक्ट हैं जिनके टेंडर होने के बावजूद काम नहीं किया जा रहा है। कई जगहों पर काम शुरू करने के बाद रोक दिया गया है। जिससे जनता को लाभ मिलने के बजाय उलटे असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी टालमटोल करते हैं और ठेकेदार उनके संरक्षण में किसी की परवाह ही नहीं कर रहे हैं।



### अवैध हथियारों आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सीआईए-2 स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की पूर्व की घटना में एक और अवैध हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पदम उर्फ राजा निवासी जाजल का है। जांच अधिकारी रूपेंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सोनीपत-गोहाना रोड पर गांव गढ़ी हकीकत के पास मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि साहिल उर्फ गोलु निवासी पांची जाटान जिसके पास अवैध हथियार व गोलियां है अभी-अभी गढ़ी हकीकत मोड़ के पास कही जाने की फिराक खड़ा है। टीम ने कार्यवाही करते हुए उसे काबू कर लिया। उसके पास से एक अवैध देसी पिस्तौल 32 बोर व 24 जिंदा रौंद मिले थे।

# लगातार खांसी रहने की वजह एलर्जी, दमा अथवा टीबी की शिकायत हो सकती है

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
डा. दानिश जमाल, वरिष्ठ विशेषज्ञ, छाती, श्वाँस, एलर्जी रोग, एस.एस.बी. हार्ट एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल फरीदाबाद ने विश्व अस्थमा (दमा) दिवस के उपलक्ष्य पर हमें बताया कि हम सभी को बीच-बीच में खांसी होने की शिकायत अक्सर होती रहती है परन्तु कभी-कभी कुछ लोगो में यह परेशानी लगातार रहने लग जाती है। इससे हमारे काम-काज यहां तक बातचीत और स्कूल-कॉलेज और पढ़ाई में भी बाधा आती है। इस प्रकार की खांसी अथवा गले की शिकायत, उसको लोग इन्फेक्शन मानकर बार-2 एंटीबॉयोटिक, सिरप या कुछ एलर्जी की दवाईयाँ खुद ही लेकर इलाज करते रहते है। इन सब तरीको के बावजूद अगर खांसी, साँस की घुटन, जुकाम-नजला में आराम ना मिले अथवा बार-बार हो तो यह शिकायत वायरल या गले का इन्फेक्शन समझकर लोग इससे काफी परेशान रहते है। कई बार तो इससे बुखार या छाती में दर्द या साँस फूलना भी होता है। कभी कभी स्वयं आराम आ जाता है तो लोग इसको गंभीरता से नहीं लेते, अथवा डॉक्टर से सही सलाह परामर्श नही करते। क्या आप जानते है इस प्रकार की खांसी आपकी एलर्जी, दमा या टी.बी. के कारण हो सकती है। लोग अक्सर यह सोचते है के दमे की शिकायत केवल साँस के फूलने से होती है परन्तु यह अक्सर खाँसी से शुरू होती है। इसी प्रकार सूखी खाँसी के साथ अगर हल्का बुखार रहता हो, साथ ही भूख कम लगती हो और कमजोरी या वजन घट रहा हो तो यह टी.बी. के लक्षण हो सकते है, ऐसी परिस्थिति में टी.बी. रोग का पता आसानी से नहीं चल पाता और यह बीमारी फेफडे को काफी नुकसान पहुँचा जाती है और खांसी के अलावा और कोई लक्षण नहीं बनती।



एस.एस.बी अस्पताल के डा. दानिश जमाल, वरिष्ठ विशेषज्ञ, छाती, श्वाँस, एलर्जी रोग ने बताया कि इस तरह के मरीज जानकारी के अभाव से अस्पताल में काफी देर में आते है जब तक की उनकी बीमारी काफी बढ़ नहीं जाती है वे घरेलू उपचार कर रहे होते है। एलर्जी और टी.बी. में फर्क करना कई बार कठिन हो जाता है परन्तु अगर आपकी खाँसी सुबह और सायं में ज्यादा होती है, एक लगातार फंदे जैसी होती है तो यह एलर्जी के कारण हो सकती है और अगर दिन में बीच-बीच में होती है और इसके साथ हल्का बुखार, कमजोरी और थकान रहती हो तो टी.बी. के कारण हो सकती है। इन दोनों ही परिस्थितियों में घरेलू उपचार या दवा की दुकान से स्वयं उपचार करने से केवल कुछ समय के लक्षण दब जाते है और बीमारी अंदर ही अंदर बढ़ती जाती है और आने वाले समय में गंभीर हो सकती है।

# एडवोकेट राजेश खटाना को शक्ति दे गए दीपेन्द्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एक दिवसीय दौरा करके कांग्रेसियों का हालचाल जाना व सुख दुख में शामिल हुए इसी क्रम में ओल्ड फरीदाबाद में एडवोकेट राजेश खटाना के घर पहुंचने पर सैकड़ों कार्यकताओं ने राजेश खटाना और विकास वर्मा के साथ मिलकर फूल मालाओं से स्वागत किया। रात के दस बजे हजारों की भीड़ को देख गदगद हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा के कुशासन से तंग है और कांग्रेसी प्रदेश में परिवर्तन के लिए तैयार हैं। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव न करवाकर लोकतांत्रिक संस्थानों का गला घोंटने का काम कर रही है। जिसे कांग्रेस बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को पता है कि जनता उनके भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और निगम चुनावों में उन्हें धूल चटाने के लिए तैयार बैठी है। इसीलिए नगर निगम के चुनावों को टाल रही है। हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद में करोड़ों रुपयों के घोटाने हुए हैं। जिनकी जांच की जानी चाहिए और इनमें रत सफेदपोशों को भी जेल भेजा जाना चाहिए। यदि भाजपा ऐसा नहीं करती है तो हम कांग्रेस की सरकार आने पर भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाने का काम करेंगे। हुड्डा ने मौजूद लोगों से कहा कि प्रदेश में सीएम मनोहर लाल स्वयं संवाद कर रहे हैं और अपनी बात रखने वाले महिला, पुरुषों को बेइज्जत किया जा रहा है।

वहीं हरियाणा में डबल इंजन की भ्रष्ट सरकार चल रही है जिससे जनता बड़ी तंग है और जल्द ही परिवर्तन के लिए तैयार है। इससे पहले यहां पहुंचने पर एडवोकेट राजेश खटाना ने दीपेन्द्र सिंह हुड्डा का साथियों सहित जोरदार स्वागत किया। हुड्डा ने भी खटाना की पीठ थपथपाई और जनसेवा में लगे रहने की बात कही।



# डीसी ने लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए फाइनल रिहर्सल में दिए टिप्स

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
डीसी विक्रम सिंह ने जिला में आयोजित होने वाली हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए फाइनल रिहर्सल में टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में एचपीएससी द्वारा 21 मई को 89 केंद्रों पर 2 शिफ्टों में एचसीएस की लिखित परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने आज शुक्रवार को दो सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में जिला में 21 मई को हरियाणा लोक सेवा आयोग/ एचपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करने के टिप्स दे रहे थे।

आज सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में एचपीएससी के सदस्य पवन कुमार की अध्यक्षता में रिहर्सल का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि एचसीएस परीक्षाओं यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। वहीं अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग/ एचपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 21मई रविवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां एचपीएससी की एकेडमीक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 03 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। एचपीएससी के सदस्य पवन कुमार ने फाइनल रिहर्सल में एचपीएससी द्वारा परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 21मई को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी ले। परीक्षा केन्द्रों पर शौचालयों आदि तमाम सभी व्यवस्थाओं को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि 21मई रविवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा फरीदाबाद में एचसीएस एण्ड एलाइड - 2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

जहां लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला फरीदाबाद में 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एचपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। फाइल रिहर्सल में पुलिस विभाग के एसीपी हैडक्वाटर अमन कुमार ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों और अन्य अधिकारियों के लिए पुलिस फोर्स की ड्यूटिया लगा दी गई है। वहीं परीक्षा केन्द्रों पर महिला पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीम बल्लभगढ़ कम नोडल अधिकारी त्रिलोक चंद, नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर शिखा, सीटीएम अमित मान, आरटीए सेक्रेटरी जितेंद्र गहलावत, एसीपी अमन यादव , जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी व परीक्षाओं में लगी ड्यूटी के विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहे।



ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Fro- t Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 20 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'मानवीय दृष्टिकोण से लागू किया ओपीएस'

### न्यू पेंशन स्कीम के कारण चिंतित कर्मचारियों के लिए मानवीय दृष्टिकोण से ओपीएस लागू की गई

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों से जुड़े राज्य कर्मचारियों ने मुलाकात की। उन्होंने गहलोत का पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यू पेंशन स्कीम के कारण भविष्य के प्रति चिंतित कर्मचारियों के लिए मानवीय दृष्टिकोण से ओपीएस लागू की गई है। अब सेवानिवृत्त हुए राज्य कर्मचारियों को लाभ मिलने भी लगा है। हम हमारे कर्मचारियों को एनपीएस में शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से भी पूरे देश में ओपीएस लागू करने की मांग की चुके हैं, उन्हें कर्मचारी हितों में इसे लागू करना चाहिए। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन की सामाजिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। महंगाई राहत कैंपों में 10 योजनाओं के माध्यम से उन्हें सामाजिक-आर्थिक संबल दिया जा रहा है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनाई गई हैं। कार्मिकों ने कहा कि 1 जनवरी, 2004 से नियुक्त कार्मिकों के लिए ओपीएस फिर लागू करने, पूर्ण पेंशन के लिए क्वालिफाइंग सर्विस 28 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष करने एवं आरजीएचएस से राज्य कर्मचारी व उनके परिजन बेहद खुश हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर मुख्यमंत्री ने उनके भविष्य को सुरक्षित किया है। राजस्थान से इस दिशा में अभूतपूर्व पहल हुई है। कई राज्यों द्वारा ओपीएस लागू करने की घोषणा की जा चुकी है। अब केन्द्र एवं अन्य राज्य सरकारों को भी कर्मचारी कल्याण में ओपीएस पुनः लागू करनी चाहिए।



### भाजपा ने लगाया नारा- गहलोत केणो मान ले, बोरी बिस्तर बांध ले

**टीम एक्शन इंडिया/उदयपुर**
बढ़ती बिजली दरों, लगातार बढ़ रहे फ्यूल सरचार्ज से आम जन को राहत दिलाने की मांग को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने "गहलोत केणो मान ले, बोरी बिस्तर बांध ले" नारा जमकर लगाया। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ताराचंद जैन, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, सांसद अर्जुन लाल मीणा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में जो फ्यूल सरचार्ज 18 पैसे प्रति यूनिट हुआ करता था, जिसे वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बढाकर 60 पैसे प्रति यूनिट औसतन कर दिया।

## बेटियों को अब्दुल्ला के साथ-साथ सलमा से भी सचेत रहना होगा: साध्वी प्राची

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**फायर** ब्रांड हिन्दूवादी नेता साध्वी प्राची ने अपने उत्तराखंड प्रवास में राजधानी देहरादून में एक बार फिर पंथ निरपेक्षता और लव जिहाद जैसे मुद्दों को उठाया है। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने घोषणा की कि जहां जहां हिन्दू महिलाओं के साथ ज्यादती होगी, वह उनकी रक्षा में सबसे आगे रहेंगी। राजस्थान की गहलोत सरकार ने उन पर इस संबंध में मुकदमा भी दर्ज किया है। उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि उनकी सरकार उन पर कितने मुकदमे लादती है, लेकिन वह करोड़ों हिन्दू समाज को जगाती रहेंगी। अब हमारी बेटियां और बहनों को अब्दुल्ला के साथ-साथ सलमा से भी सचेत रहना होगा अन्यथा सलमा की दोस्ती उन्हें अब्दुल्ला तक ले जाएगी। साध्वी प्राची ने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है,



जिस तरह से यहां लैंड जिहाद चलाया गया था और धामी सरकार ने अवैध मजारों को तोड़ने का काम किया है, वह अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है और जनहित में है। उन्होंने कहा कि वह 15-20 वर्षों से लगातार अवैध मजारों के खिलाफ लगातार आवाज उठा रही हैं। धामी सरकार ने जो कदम उठाया है, वह साहसपूर्ण है। अवैध मजारों का खात्मा होना चाहिए। साध्वी ने कहा कि वर्षों बाद द केरल स्टोरी जैसी फिल्म आयी है जो लोगों को जगाने का कार्य कर रही है। उत्तराखंड में यह भाजपा का विषय है कि वह द केरल स्टोरी को करमुक्त कराए। उन्होंने कहा कि मैंने हिन्दू धर्म में जन्म लिया है और इस तरह की बातों पर निरंतर प्रयासरत रहूंगी कि समाज का पंथ परिवर्तन न हो। उत्तराखंड के एक नेता की पुत्री के विधर्मी से विवाह के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वह इस तरह के बातों से दुख प्रकट करती हैं और इस तरह के कदम भाजपा सरकारों के विरुद्ध जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने जयपुर में द केरला स्टोरी लड़कियों के साथ देखी है।

## न्यूज फ्लैश

### खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली को किया सीज

**हरिद्वार:** पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गंगा में लगातार अवैध खनन पुलिस कार्रवाई के बाद भी जारी है। बीते रोज लक्सर पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्राली को कार्रवाई करते हुए सीज किया था। आज भी अवैध खनन पर लक्सर कोतवाली पुलिस ने बाणगंगा नदी में ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन किये जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर नेहन्दपुर से अवैध खनन से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मेनका ने पीएम आवास की स्वीकृति का दिया प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/सुल्तानपुर**
पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने दो आईएस समेत पांच अफसरों के खिलाफ लोकायुक्त की जांच शुरू होने के प्रकरण को सराहनीय कदम बताया है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि आईएएस अफसरों को जैसे टिकट मिल जाता है भ्रष्टाचार करने का और गरीबों से पैसे कमाने का। ऐसे लोगों को जेल में डाल कर रखना चाहिए। मेनका गांधी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ करारा प्रहार किया है। अपने सुल्तानपुर दौरे के पहले दिन अखंड नगर ब्लॉक मुख्यालय पर जन चौपाल के माध्यम से बड़ी संख्या में जन शिकायतों का निस्तारण किया। जन चौपाल में समस्त विभागों के कर्मचारी व अधिकारीगण मौजूद थे। जिसके पश्चात श्रीमती गांधी ने दोस्तपुर ब्लॉक मुख्यालय पर 537 लाभार्थियों को पीएम आवास की स्वीकृति का प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें रोजगार से भी जोड़ने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया। शुक्रवार की सुबह जनता दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि ऐसे अफसरों को आईना दिखाने की बहुत ही जरूरत है। यह इतने भ्रष्ट लोग हैं कि भ्रष्टाचार करने पर उन्हें अफसोस तक नहीं होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को राहत मिलने और आशियाना मिलने की बात पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान नवनिर्वाचित नगर पंचायत के चेयरमैन अवनीश सिंह उर्फ अंगद सिंह सांसद मेनका गांधी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे।

## 'बारिश से पहले नालियों की मशीनों से सफाई कराएं'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बरसात से पहले ही जल भराव और गंदगी जैसी समस्याओं से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए (शुक्रवार) को जोन 05 और 08 क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर विकास मंत्री ने बारिश के पहले शहर के सभी नाले-नालियों और सीवर की मशीन से सम्पूर्ण सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। मंत्री ने रिहायशी इलाकों में नालियों की सफाई और गंदगी से मुक्ति के लिए दिन में 02 बार और व्यावसायिक क्षेत्रों में 03 बार साफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान ए.के. शर्मा ने शहरवासियों से कूड़े को कहीं भी फेंकने की जगह दरवाजे पर आने वाली कूड़ा गाड़ी को ही देने की अपील की। नगर विकास मंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पकरी पुल के समीप बने नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि नाले के किनारे झाड़ियों, पेड़ पौधों का उगना, अतिक्रमण किया जाना, नाले का सही से निर्माण न होना तथा नाले में कूड़ा-कचरा डालने आदि कारणों से जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को बारिश से पहले इन सभी कमियों को दूर कर उचित सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने हिंद नगर स्थित एलडीए कालोनी के पास बने नाले का भी निरीक्षण किया।

**निर्देश**

**शहर के सभी नाले-नालियों और सीवर की मशीन से सम्पूर्ण सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए**



मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान अधिकारियों संग पौधारोपण करते हुए।

### मनाया गया बाजरा महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**शुक्रवार** वेटरनरी विवि के कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में आयोजित बाजरा महोत्सव पर केवीके प्रभारी डा वाईके शर्मा ने कहा लागत घटायें, उत्पादन बढायें, खेती में ऐसे संसाधन जुटायें। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 मोटे अनाज के रूप में मनाया जा रहा है। इसका देश समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने बाजरा, ज्वार, रागी, कगुनी, कोदों, सावां आदि मोटे अनाज वाली फसलों के सेवन से होने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर किसानों को लाभान्वित किया।

## सीएम नीतीश ने अधिकारियों को लगायी फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/दरभंगा**
**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार शुक्रवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर दरभंगा पहुंचे थें। इस दौरे के दौरान उन्होंने कई विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि- जब हम 4 डिग्री से लेकर 43 डिग्री तापमान में भी घूम सकते हैं तो फिर आपलोग क्यों नहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दरभंगा में एक उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान सीएम धीमी गति से किए जा रहे कार्यों को देखकर गुस्सा हो गए और मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि- जब मैं 4 डिग्री से लेकर 43 डिग्री तापमान में काम कर सकता हूं तो आपलोग क्यों कोताही बरतते हैं। सीएम ने कहा कि मैं कोई भी बहाना नहीं सुनूंगा, मुझे काम में कोताही पसंद नहीं है।

**रौद्र रूप दिखाया**

**जब हम 4 डिग्री से लेकर 43 डिग्री तापमान में भी घूम सकते हैं तो फिर आपलोग क्यों नहीं: सीएम**

## 'सपा ने हराने के लिये पिछड़े-दलित को मोहरा बनाया'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**विधान** परिषद उपचुनाव (एमएलसी) में सामान्यतया यह नहीं होता है कि विपक्ष उपचुनाव में कोई उम्मीदवार खड़ा करे, क्योंकि विधानसभा में जिस दल का बहुमत होता है उसी दल का व्यक्ति विजयी होता है। लेकिन समाजवादी पार्टी ने यह नई परम्परा डाली है कि विपक्ष में रहने के बाद विधान परिषद के उपचुनाव में उम्मीदवारों को हराने के उद्देश्य से उतारा है। समाजवादी पार्टी पिछड़े और दलित की बात कर रही है लेकिन यहां पर दोनों पिछड़े और दलित उम्मीदवारों का हारना निश्चित है। समाजवादी पार्टी पर यह हमला उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना ने बोला है। उन्होंने कहा कि यह निर्विवाद सत्य है कि समाजवादी पार्टी ने हराने के लिये पिछड़े और दलित को मोहरा बनाया अर्थात एक राजभर समुदाय का व्यक्ति हारेगा और एक एस.सी. समुदाय का व्यक्ति हारेगा। जब जीतना होगा तब समाजवादी पार्टी उस समुदाय को टिकट देगी जो उसके अपने वोट बैंक कहे जाते हैं। यहां केवल हारने के लिये दोनों रामजतन राजभर तथा रामकरन निर्मल को उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि एमएलसी उपचुनाव में संख्या बल न होने के बावजूद सपा ने दोनों सीटों के लिए उम्मीदवारों को उतार दिया है।

**तंज कसा**

**नई परम्परा डाली है कि विपक्ष में रहने के बाद विधान परिषद के उपचुनाव में उम्मीदवारों को हराने के उद्देश्य से उतारा है**




**किसानों को लाभ**

### उपज के भंडारण से योगी सरकार ने कमाया करीब चार करोड़ का लाभांश

## किसानों की बढ़ी आय, तो योगी सरकार को भी हुआ बड़ा फायदा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**कोरोना** काल में जब पूरी दुनिया भयभीत और आशंकित थी, उस वक्त भी प्रदेश के किसानों के परिश्रम ने ना सिर्फ उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया, बल्कि सरकार को फायदा कमा कर भी दिया। किसानों की आय को ढाई गुना करने के मिशन में जुटी योगी सरकार पर कोरोना काल में भी किसानों ने विश्वास जताते हुए रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडारण किया, जिससे 2018 से लेकर 2021 तक सरकार को करीब चार करोड़ रुपये का लाभांश प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को राज्य भंडारण निगम



के अध्यक्ष और प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने मुख्यमंत्री को लाभांश 3,88,63,440 रुपये का चेक प्रदान किया। उप्र राज्य भण्डारण निगम की ओर से वर्ष 2018-19 में 90.36 करोड़ रुपए, वर्ष 2019-20 में 112.01 करोड़ रुपए एवं वर्ष 2020-21 में 165.53 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है।

**168 भण्डारगृहों को डल्यूडीआरए में पंजीकृत कराया गया:** निगम की ओर से बताया गया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुरुप कृषकों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में 168 भण्डारगृहों को डल्यूडीआरए (भण्डारागार विकास विनियामक प्राधिकरण) में पंजीकृत कराया गया है। इन भण्डारगृहों में कृषकों के उत्पादों को भण्डारित करने पर किसानों को एनडब्लूआर (निगोशियेबिल वेयरहाउसिंग रसीद) का लाभ प्राप्त होता है।